संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 10 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 40 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को प्रदेश के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल एसएफएच रिजवी ने राम मन्दिर, अयोध्या की चन्दन की खुशबू से सुगंधित एवं गोल्ड फॉयल प्रिंटेड डाक टिकट भेंट की।

# सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को जमकर लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के एक सरकारी स्कूल में एक टीचर द्वारा एक मुस्लिम बच्चे को अन्य दूसरे बच्चों द्वारा थप्पड़ मारने को कहा गया था। जिसके बाद बच्चों ने एक-एक कर उस बच्चे को लगातार कई थप्पड़ मारे थे। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुई थी और सोशल मीडिया यूजर्स ने टीचर की काफी आलोचना की थी। वहीं, अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार को भी फटकार लगाई है। रउ ने यूपी सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए डांट लगाई, जिन्हें कथित तौर पर उनके स्कूल शिक्षक ने होमवर्क नहीं करने पर एक मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने का निर्देश दिया था। यह देखते हुए कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निदेशों का पूर्ण उल्लंघन किया गया है, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। हमने नई ळक्र्र रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उन सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है, जिन्होंने प्रतिभागियों और गवाहों के रूप में शारीरिक दंड में भाग लिया था। राज्य द्वारा कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने मामले को 1 मार्च को सुनवाई के लिए पोस्ट करते हुए कहा, हम राज्य को निर्देश देते हैं कि वह विशेष रूप से गवाही देने वाले बच्चों के लिए निर्देशों को तुरंत लागू करें। अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दायर किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें कथित तौर पर उनके स्कूल शिक्षक ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की महिला टीचर पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। शीर्ष अदालत ने लड़के और उसके सहपाठियों को परामर्श देने के तरीकों का सुझाव देने के लिए टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस), मुंबई को नियुक्त किया था।

## आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद

## मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"
स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# 'जय किसान, जय विज्ञान', भारत रत्न सम्मान

### नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन को भारत रत्न, चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी ने लिखा- दिल जीत लिया

**रत्नों को सम्मान**

**8 2014 में सत्ता संभालने के बाद से मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया यह दसवां भारत रत्न है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार ने** पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों शख्सियतों को देश का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान देने की जानकारी सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों के साथ शेयर की। चौधरी चरण सिंह देश के पांचवें और नरसिम्हा राव नौवें प्रधानमंत्री थे। वहीं कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। पीएम की घोषणा पर चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी ने लिखा- दिल जीत लिया। 2014 में सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया यह दसवां भारत रत्न है। इससे पहले 3 फरवरी को भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और 23 जनवरी को बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने का ऐलान किया गया। इस तरह इस साल 5 हस्तियों को यह सम्मान देने का ऐलान हो चुका है। इनके अलावा मोदी के कार्यकाल में मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को यह सम्मान मिल चुका है। आज की तीन हस्तियों को मिलाकर इस सम्मान को हासिल करने वालों में अब तक कुल 53 लोग शामिल हो चुके हैं।

**चौधरी चरण सिंह:** प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा- हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे।

### नरसिम्हा ने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोला था

**पीवी नरसिम्हा राव:** पीएम मोदी ने लिखा- प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव गारू का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

**डॉ. एमएस स्वामीनाथन:** पीएम मोदी ने लिखा- यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' सम्मान, बेटी बेहद खुश

**टीम एक्शन इंडिया/कन्नूर**

**मशहूर** कृषि वैज्ञानिक एवं देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले का डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने स्वागत किया। बता दें कि डॉ. सौम्या, एमएस स्वामीनाथन की बेटी हैं और उन्होंने कहा कि पिता इससे खुश होते, लेकिन उन्होंने कभी पुरस्कारों के लिए काम नहीं किया। डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और पूर्व उप महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि उन्हें गर्व और खुशी है कि उनके पिता के काम को देश में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मान्यता मिली है।

# यूपीए ने अर्थव्यवस्था का सत्यानाश किया: सीतारमण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यूपीए और एनडीए के 10 साल का कामकाज पर श्वेत पत्र पर स्पीच दी। वित्त मंत्री ने कहा कि 10 साल के कामकाज पर ये श्वेत पत्र बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ रखा गया है। सीतारमण ने कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, कोल स्कैम, एनपीए, कोल ब्लॉक एलोकेशन जैसे मुद्दों के जरिए यूपीए सरकार पर निशाना साधा। सीतारमण ने कहा कि यूपीए की नीति कभी भी नेशन फर्स्ट की नहीं रही। इन्होंने फैमिली फर्स्ट नीति रखकर अर्थव्यवस्था को बदहाल कर डाला। सीतारमण ने कहा कि इन्होंने जो सत्यानाश किया, उसे हमने सुधारा और आज ये मगरमच्छ के आंसू रो रहे हैं। स्पीच के अंत में सीतारमण ने कहा कि हमारी जिम्मेदार सरकार ने अर्थव्यवस्था को बहुत खराब स्थिति से उबारा है। आज यहां पहुंचे हैं तो 10 साल की मेहनत है। 2047 में विकसित भारत बनाने वाले हम ही होंगे। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर 59 पेज का श्वेत पत्र पेश किया था। इसमें बताया गया है कि जब 2014 में मोदी सरकार ने सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी।

# सीएम मनोहर ने 33 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा** सरकार ने ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना के तहत 5 जिलों नामत: जींद, हिसार, सिरसा, कैथल और भिवानी में 190 करोड़ रुपये करोड़ रुपये से अधिक लागत की 33 नई परियोजनाएं लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इन परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि महाग्राम योजना के तहत जिला जींद के गांव नगुरां में जल आपूर्ति प्रणाली का संवर्धन और जल कार्यों के निर्माण के लिए 43.91 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से व 25.31 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध करवाना और



जिला हिसार के खेदड़ में जल आपूर्ति योजना के उन्नयन के लिए 10.63 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के नए कार्य शामिल हैं।

**सिरसा जिले में ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत स्वीकृत परियोजनाएं:** प्रवक्ता ने बताया कि सिरसा जिले में ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई उनमें जिला सिरसा के गांव हसनगढ़, उकलाना के लिए 3.07 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सुधार जल आपूर्ति योजना, गांव भादडा, कालांवाली में 3.15 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जल आपूर्ति योजना का विस्तार/अद्यतन, गांव गोरीवाला, डबवाली में 5.17 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जलापूर्ति योजना का नवीनीकरण और बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण, गांव रामपुरा बिश्नोईया में 3.33 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एमजीजीबीवाई कॉलोनी का नवीनीकरण जलापूर्ति योजना, बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और जलापूर्ति सुविधा प्रदान करना तथा गांव सुखेरनवाला खेड़ा के एमजीजीबीवाई कॉलोनी में 3.45 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कार्य संरचनाओं की मरम्मत, वितरण को मजबूत करना और जल आपूर्ति सुविधाएं प्रदान करना शामिल है।

# विपक्षी नेता फोन जमा कर जांच में करें मदद: अश्विनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को विपक्ष से 'आईफोन जासूसी अलर्ट' मामले में जांच को लेकर सहयोग करने की मांग की है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ आरोप लगाने भर से ही काम नहीं चलेगा। विपक्ष को कथित 'आईफोन जासूसी अलर्ट' मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों की मदद करनी होगी। केंद्रीय मंत्री शिवसेना यूबीटी की नेता प्रियंका चतुर्वेदी के सवालों का सदन में जवाब दे रहे थे।

# पीएम ने सांसदों से कहा- साथ चलिए, सजा नहीं दूंगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शुक्रवार को संसद की कैंटीन में कई राजनीतिक दलों के सांसदों के साथ लंच किया। कुछ रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि इन सांसदों को दोपहर ढाई बजे इस अनौपचारिक लंच की सूचना मिली। प्रधानमंत्री जब कैंटीन में पहुंचे तो सांसदों से कहा मेरे साथ चलिए, आपको सजा नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री के साथ लंच में भाजपा सांसद हिना गावित, एस फेंगनोन कोन्याक, जामयांग नाम्ग्याल, एल मुरुगन, टीडीपी सांसद राम मोहन नायडू, बसपा सांसद रितेश पांडे और सांसद सस्मित पात्रा मौजूद थे। प्रधानमंत्री और सांसदों की यह लंच मीटिंग करीब 45 मिनट चली।



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर चार तस्वीरें शेयर कीं और लिखा- आज दोपहर में शानदार भोजन का आनंद लिया। विभिन्न दलों और देश के विभिन्न हिस्सों से आए सांसदों के सहयोग से यह और भी बेहतर बन गया। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि पीएम और सांसदों का लंच करीब 45 मिनट तक चला। इ

### लंच में चावल-दाल, खिचड़ी और रागी के लड्डू

**पीएम** और सांसदों ने चावल, दाल, खिचड़ी, रागी और तिल के लड्डू खाए। लंच के बाद प्रधानमंत्री ने पीएमओ को लंच का बिल पे करने को कहा। लंच में मौजूद एक सांसद ने बताया कि ये बिल्कुल अनौपचारिक लंच था। ऐसा लगा ही नहीं कि हम लोग प्रधानमंत्री के साथ बात कर रहे हैं। ये बहुत अच्छा अनुभव था। प्रधानमंत्री ने सांसदों के साथ अपने विदेश दौरों, नवाज शरीफ के साथ मुलाकात, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, अबु धाबी के मंदिर के बारे में बात की।

# विभागों में भर्तियों को दी मंजूरी, विभिन्न मुद्दों पर 3 सब कमेटियों का किया गठन



**कैबिनेट बैठक**

**8 विभिन्न महत्त्वपूर्ण मुद्दों को लेकर तीन अलग.अलग सब कमेटियों का भी गठन कियाा**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला में प्रदेश कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मंत्रिमंडल कि बैठक में विभिन्न पदों पर भर्ती को मंजूरी दी। इसके अलावा विभिन्न महत्त्वपूर्ण मुद्दों को लेकर तीन अलग.अलग सब कमेटियों का भी गठन किया। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में आगामी विधानसभा सत्र को देखते हुए राज्यपाल के अभिभाषण पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र के दौरान सप्लीमेंट्री बजट लाने पर भी चर्चा हुई। कैबिनेट ने तय किया है कि दो ऑफि स पालमपुर और बद्दी-नालागढ़ (पाटा) में खोले जायेंगे। बैठक में प्रदेश में लंबित पड़े भर्तियों के मामलों पर सब कमेटी का गठन करने को स्वीकृति दी। इस सब कमेटी की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। वहीं सब कमेटी में हर्षवर्धन चौहान, जगत सिंह नेगी, विक्रमादित्य सिंह, यादवेंद्र गोमा शमिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के पास राजस्व विभाग की बेकार पड़ी आवंटित जमीनों के उचित इस्तेमाल को लेकर भी एक सब कमेटी का गठन किया गया। इस सब कमेटी की अध्यक्षता राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे वहीं सदस्य के रूप में मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विक्रमादित्य सिंह और राजेश धमाणी शमिल होंगे।



Punjab Land of Unlimited Opportunities

# भगवंत सिंह मान

मुख्यमंत्री, पंजाब

द्वारा

# घर-घर मुफ़्त राशन

की शुरुआत



✓ पहले चरण में
**24.49 लाख लाभार्थी**

✓ हर महीने
**ताज़ा राशन**

मुख्य अतिथि

## श्री अरविंद केजरीवाल

मुख्यमंत्री, दिल्ली

10 फरवरी, 2024 | सुबह 11:00 बजे
अनाज मंडी, गाँव राहौण, समराला रोड,
खन्ना (लुधियाना)



## सुचज्जा शासन, मुफ़्त राशन

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, पंजाब

# केजरीवाल ने किया वर्ल्ड क्लास सरकारी स्कूल का शिलान्यास

## तुम जितने समन भेजोगे, हम उतने स्कूल बनायेंगे, आप अपना धर्म करो, हम अपना धर्म निभायेंगे'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को मयूर विहार में एक वर्ल्ड क्लास सरकारी स्कूल का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर केंद्र को घेरा। सीएम ने ईडी के समन का भी जवाब दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तुम जितने समन भेजोगे। हम उतने स्कूल बनायेंगे। आप अपना धर्म करो, हम अपना धर्म निभायेंगे। मुख्यमंत्री ने शिलान्यास के मौके पर कहा कि इस इलाके में बड़े-बड़े निजी स्कूल हैं। जिस दिन ये सरकारी स्कूल बनकर तैयार हो जाएगा। एक चक्कर उनका लगा लेना और एक इसका लगा लेना। आगे कहा कि पिछले कुछ महीनों में ही मैंने इतने नये स्कूलों का उद्घाटन कर दिया। लाख डेढ़ लाख बच्चों के पढ़ने का इंतजाम कर दिया है। साथ ही वादा करते हुए कहा कि निजी से ज्यादा शानदार ना बना ये सरकारी स्कूल तो राजनीति छोड़ दूंगा।

## केजरीवाल सरकार ला रही 'वन टाइम वाटर बिल सेटलमेंट योजना'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पानी के बिलों की समस्या से जूझ रहे दिल्लीवालों को बड़ी राहत दे दी। मुख्यमंत्री ने एलान किया है कि जल्द ही 'वन टाइम सेटलमेंट योजना' लेकर आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस जिसके पानी के बिल बढ़कर आ रहे हैं। वो अपना बिल जमा न करें। मैं जल्द ही ठीक कराऊंगा। आगे कहा कि पानी के बिलों में गड़बड़ी हो रही है। मैं जानता हूं। आप लोग चिंता मत कीजिए।
जिस जिसके ढंल्ल के इ'' बढ़कर आ रहे हैं, वो इ'' स्रं८ मत करना, मैं जल्द ही ठीक कराऊंगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वन टाइम वाटर बिल सेटलमेंट योजना का एलान कर दिया है। इसके लिए शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज को निर्देश भी दे दिए गए हैं। जल्द ही दिल्ली कैबिनेट में लाया जाएगा। दिल्ली जल मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि दिल्ली में पानी के बिलों की समस्या इन दिनों बड़ी समस्या है। इस समस्या को लेकर लोग अपनी परेशानियां बता रहे हैं। इस तरह की समस्या कई तरह के कारणों की वजह से है। इस समस्या के समाधान के लिए दिल्ली जल बोर्ड वन टाइम सेटलमेंट योजना लेकर आ रहे हैं। जिसकी वजह से दिल्ली जल बोर्ड को 1400 करोड़ रुपये का राजस्व आएगा।

## ...तो नगर निगम बंद कर देंगे: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नगर निगम** में सेवारत कर्मचारियों को समय पर वेतन और पूर्व कर्मचारियों को पेंशन व बकाया भुगतान करने में विफलता पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आयुक्त ज्ञानेश भारती फटकार लगाई। अदालत ने मामले में कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह मामला चार साल से खिंच रहा है। हम एक अच्छे दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब निगम अपनी वित्तीय स्थिति में वृद्धि करेगा। अदालत ने निगम का पक्ष रख रहे अधिवक्ता को कहा कि जाकर निगम आयुक्त को बताएं कि यह आखिरी मौका है। अदालत अब बहुत सख्त कार्रवाई करेगी। मामले में अब चार साल का इंतजार नहीं किया जाएगा। इसे चार सप्ताह में ही समाप्त किया जाए।
कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि यह कर्मचारियों का मूल वेतन है और यदि एमसीडी ऐसा करने में विफल रही है, तो अदालत नगर निगम को बंद करने का आदेश देने पर विचार कर सकता है।

# पूर्व कर्मचारियों के बकाए पेंशन का सरकार ने भुगतान किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी)** के पूर्व कर्मचारियों के लिए दिल्ली सरकार ने अच्छी खबर दी है। पूर्व कर्मचारियों के बकाए पेंशन का सरकार ने भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा- डीटीसी के सभी रिटायर्ड बुजुर्गों के लिए खुशखबरी लाया हूं। आपकी सारी बकाया पेंशन आपके खाते में चली गई है। देरी के लिए माफी चाहता हूं। मैं जानता हूं आप मुझसे नाराज हो, पर आपका बच्चा हूं। देरी के लिए माफ कर देना। उन्होंने कहा कि पिछले साल-डेढ़ साल से आपको पेंशन मिलने में बड़ी परेशानी हो रही थी। 2015 में जब हमारी सरकार बनी थी, उससे पहले आपको पेंशन मिलने में बड़ी परेशानी होती थी। तब की सरकार कहती थी कि डीटीसी के पास फंड नहीं है। हम आपको पेंशन नहीं दे सकते, लेकिन हमारी सरकार आने के बाद दिल्ली सरकार अपने फंड से आपके लिए पेंशन की व्यवस्था की है। आपको हर महीने पेंशन मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल



से जो आपको दिक्कत हुई है, उसके लिए आपसे माफी मांगना चाहता हूं। आप जानते हैं कि केंद्र सरकार हमारे काम में अड़चन डाल रही है, लेकिन मैं पेंशन मिलने की देरी के लिए खुद को जिम्मेदार मानता हूं। बाकी मैं ठीक कर लूंगा।
उन्होंने कहा कि पिछले साल एक गांव में गया था। तब डीटीसी के एक कर्मचारी ने मुझसे पेंशन के लिए कहा था। तब मैं उनसे वादा किया था कि आपका बच्चा हूं और आपसे वादा करता हूं कि आपको पेंशन जरूर मिलेगी। मैंने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आपके पेंशन का प्रावधान किया। अब आपकी सारी पेंशन आपके अकाउंट में आ गई है। आगे जब भी कोई दिक्कत आई तो भरोसा रखना क्योंकि केजरीवाल आपकी सारी पेंशन दिलाकर रहेगा।
**'बीजेपी ने पूरी दिल्ली में मचा रखी है गुंडागर्दी':** उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार और अन्य पार्टी पूरी दिल्ली में गुंडागर्दी मचा रखी है। हम कोशिश कर रहे हैं कि आपके सारे काम करके रहेंगे।
अभी हमारे पास ज्यादा पावर आई नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जो भी शक्तियां दी है, वह भी छीन ली गई है।

## लोकसभा चुनाव: 13 फरवरी को 'आप' की पीएसी की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी ने 13 फरवरी को राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक बुलाई है। जिसमें गोवा, हरियाणा और गुजरात की लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों का निर्णय होगा। पार्टी के एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि आप गुजरात, हरियाणा और गोवा के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए 13 फरवरी को अपनी राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक करेगी। इससे पहले इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारा में हो रही देरी से नाराजगी का संकेत देते हुए आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को असम में तीन लोकसभा क्षेत्रों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इससे पहले आप नेताओं ने कहा था कि पार्टी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और गोवा में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है।
**असम के लिए तीन उम्मीदवारों की घोषणा की :** आप ने गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनावों के लिए असम में कई सीटों के लिए तीन उम्मीदवारों की घोषणा की और उम्मीद जताई कि इंडिया ब्लॉक उन्हें इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की अनुमति देगा। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। डिब्रूगढ़ से मनोज धनोहर, गुवाहाटी से भावेन चौधरी और सोनितपुर से ऋषि राज आप के उम्मीदवार होंगे।
उन्होंने कहा, 'हम एक परिपक्व और समझदार गठबंधन के भागीदार हैं और हमें पूरा विश्वास है कि भारतीय गुट इसे स्वीकार करेगा। लेकिन चुनाव जीतना सबसे महत्वपूर्ण है।
हम इन तीन सीटों के लिए तुरंत तैयारी शुरू कर रहे हैं।'

# दिल्ली में एक बार फिर खड़ा हो सकता है किसान आंदोलन..

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में एक बार फिर किसान आंदोलन खड़ा हो सकता है। पंजाब व हरियाणा के किसान दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस को इस तरह के इनपुट मिले हैं। इन इनपुट के बाद दिल्ली पुलिस सकते में आ गई है। बैठकों को दौर शुरू हो गया है। एक दिन पहले दिल्ली पुलिस के दोनों विशेष आयुक्त (कानून व्यवस्था) ने सभी जिला डीसीपी की बैठक बुलाई थी। दिल्ली पुलिस ने गृहमंत्रालय से अतिरिक्त फोर्स मांगी है ताकि किसानों को बॉर्डर पर ही रोक दिया जाए। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने इनुपट दिए हैं कि किसान 13 फरवरी को दिल्ली की ओर कूच करेंगे। हरियाणा व खासकर पंजाब के किसान दिल्ली में पहले जैसा किसान आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, यह पता नहीं है कि कितनी संख्या में किसान दिल्ली आएंगे। इतना ही बताया गया है कि भारी संख्या में किसान दिल्ली आएंगे। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार ये 10 व 11 फरवरी को ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितनी संख्या में किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे। इनपुट मिलने के बाद दिल्ली के दोनों विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) रविंद्र कुमार यादव व मधुप तिवारी ने एक दिन पहले सभी जिला पुलिस उपायुक्त व उनके ऊपर के अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक करीब डेढ़ घंटे चली थी। इस बैठक



में जिला पुलिस उपायुक्त को कहा गया है कि वह सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करें। दिल्ली के सीमाओं पर बैरिकेड लगाकर भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही इलाके में गश्त बढ़ाने के लिए कहा गया है। पुलिस स्टेशनों में तैनात सभी पुलिसकर्मी को बुलाने का कहा है। सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द करने के आदेश दिए गए हैं।
**5 नवंबर 2020 को शुरू हुआ था किसानों का पहला आंदोलन:** पहला किसान आंदोलन 5 नवंबर 2020 को शुरू हुआ था। पंजाब और हरियाणा के किसानों ने दिल्ली चलो का नारा दिया। इस बार भी पहले किसान से यही नारा दिया है। दिल्ली पुलिस ने संगठनों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति दी। 29 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में इन कानूनों और अपनी सरकार को कृषि व किसान हितैषी बताया, लेकिन किसान सहमत नहीं हुए और फिर 3 दिसंबर 2020 पहली बार सरकार और किसानों के बीच बैठक हुई जो बेनतीजा रही। 5 दिसंबर को भी दूसरे दौर की बातचीत हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। 8 दिसंबर को किसानों ने भारत बंद का आयोजन किया। 30 दिसंबर 2020 को सरकार और किसान नेताओं के बीच छठे दौर की बातचीत में कुछ प्रगति हुई क्योंकि केंद्र ने किसानों को पराली जलाने के जुमार्ने से छूट देने और बिजली संशोधन विधेयक, 2020 में बदलाव को छोड? पर सहमति व्यक्त की थी। 12 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी और सभी हितधारकों को सुनने के बाद कानूनों पर सिफारिशें करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के अनुसार किसान टीकरी, सिंघु बॉर्डर व एनएच-24 से आने की संभावना है। ऐसे में इन तीनों बॉर्डरों पर सुरक्षा अभी से ही बढ़ा दी गई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ पुलिस आने-जाने वालें पर कड़ी नजर रख रही है। इसके अलावा दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

## नजफगढ़ इलाके में गोलीबारी से सनसनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में शुक्रवार को फायरिंग की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गोलीबारी में दो लोगों की मौत की खबर भी सामने आ रही है। मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई है और मामले की छानबीन कर रही है।
सैलून में मारी गोली: पुलिस ने बताया कि पीसीआर कॉल मिली थी कि नजफगढ़ के इंद्रा पार्क मिलर नंबर 80 के पास एक सैलून में एक लड़के को गोली मार दी है। इसके बाद मोहन गार्डन पुलिस स्टेशन पर एक और पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया कि दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों के शरीर पर गोली मारे जाने के निशान हैं। इनमें से एक का नाम सोनू और दूसरे का आशीष है।
इलाज के दौरान तोड़ा दोनों ने दम: घायल सोनू और आशीष की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मृतकों के परिवार वालों की इसकी सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटनास्थल पर क्राइम और एफएसएल की टीम पहुंच गई है और सैलून के अंदर से सबूतों को जमा कर रही है। फिलहाल इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि इन्हें गोली किसने मारी है।

# सरस मेले में बुजुर्गों और विकलांगों के सेल्फ हेल्प ग्रुप्स भी पेश कर रहे है मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
सेक्टर 34 स्थित एग्जीबिशन ग्राउंड में हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय के अधीन रुरल लाईवलीहुड मिशन द्वारा आयोजित किये जा रहे सरस मेले में जहां एक और महिला सशक्तिकरण के एक से एक सजग उदाहरण देखने को मिल रहे हैं वहीं दूसरी और समाज के अन्य वर्ग भी अपनी काबलियत को प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले में एक स्टाल में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा गठित सेल्फ हैल्प ग्रुप आर्कषक का केन्द्र बना हुआ है जहां वे विजिटर्स उनके जज्बे को सलाम कर रहे हैं। जिला शिमला के चौपाल से आये 76 वर्षीय मणिराम और 62 वर्षीय सुखराम हस्तनिर्मित उत्पादो की व्यापक रेंज स्थानीय लोगों के सम्मुख पेश कर रहे है। खण्ड वृद्धजन फेडरेशन, चैपाल के अधीन 78 सेल्फ हेल्प ग्रुप्स में लगभग 700 से 750 वरिष्ठ नागरिक जुड़े हुये है। जो कि अपने अनुभव और वरिष्ठता के चलते खुद के लिये आमदन का सहारा



बने हुये हैं। ग्रुप सरस मेले में एप्पल चटनी, घी, दालें, मसाले, विभिन्न प्रकार के आटा सहित अन्य हस्त निर्मित सामग्रियों की खासा सेल कर रहे हैं। वहीं दूसरी और बुशहर विकलांग सेल्फ हैल्प ग्रुप के सदस्य अपनी विकलांगता को दरकिनार कर स्वरोजगारिकता एक बेहतरीन मिसाल पेश कर रहे है। शिमला जिले के रामपुर स्थित इस समूह में लगभग चालीस विकलांग सदस्य हैं जो कि मूल रुप से हैंडलूम्स के उत्पादों को तैयार कर चंडीगढ़ जैसे शहरों में आयोजित प्रदर्शनीयों मे बेचते हैं। समूह की मेले में अगुवाई कर रहे लेखराज ने बताया कि उनके सदस्य दिल्ली से लेकर उडीसा तक अपने उत्पादों को प्रदर्शित करते हैं। स्टाल में उन की पट्टी, जैकेट्स, महिलाओं और पुरुषों के परिधान, स्टाल्स, मफलर्स, किन्नौरी टोपियां आदि शामिल हैं। रुरल लाईलिहुड मिशन की सीईओ कल्याणी गुप्ता ने बताया कि मंत्रालय का प्रयास न केवल ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है बल्कि ग्रामीण समाज के उस वर्ग को भी प्रोत्साहित करना जिन्हें मार्गदर्शन की जरुरत होती है।

# 'विपक्ष के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही केंद्र'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आप के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्षी पार्टियों के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही है। वह जानबूझकर पीएमएलए एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज करा रही है। पीएमएलए एक्ट आतंकवादियों और ड्रग माफियाओं से समाज और देश को सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया था।
भारद्वाज ने कहा कि ऐसा कानून मानवता को बचाने और देश की अखंडता और सुरक्षा को बचाने के




लिए बनाया गया था, लेकिन अब केस को प्रिडिकेट ऑफेंस बनाकर पीएमएलए के तहत एक मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है और ऐसा करके ईडी किसी के भी घर में घुस रही है। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि पिछले कुछ महीनों से भाजपा शासित केंद्र सरकार ने पूरे देश में एक ऐसा माहौल बना रखा है कि जिस किसी को भी भाजपा शासित केंद्र सरकार और केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां किसी भी झूठे मामले में पूछताछ के लिए बुला ले, तो वह देश का सबसे भ्रष्ट आदमी हो जाता हैकउन्होंने कहा कि पूरा देश देख रहा है।

## तिहाड़ जेल के पूर्व जेल अधीक्षक के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शुक्रवार को एक और मामले की सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने तिहाड़ जेल के तत्कालीन जेल अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दी है। दिल्ली के पूर्व जेल मंत्री और आप नेता सत्येंद्र जैन के इशारे पर राज कुमार पर ठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपये की उगाही का आरोप है।

# 'वायु प्रदूषण से शहर में मर रहे हैं लोग, वन ही हमारे रक्षक'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उच्च न्यायालय** ने वन भूमि के अंदर अनधिकृत अतिक्रमण और धार्मिक संरचनाओं के निर्माण पर चिंता व्यक्त की है। अदालत ने कहा, शहर में पर्याप्त धार्मिक संरचनाएं हैं और जंगलों को बहाल करने के लिए इसे छोड़ दिया जाना चाहिए। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा, वायु प्रदूषण के कारण शहर में लोग मर रहे हैं। यही हमारा एकमात्र रक्षक है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने टिप्पणी की कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) या राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित किसी भी स्मारक को संरक्षित किया जाएगा लेकिन अनधिकृत निर्माण को कोई सुरक्षा नहीं मिल सकती। पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसा कुछ भी नहीं उठाया जाएगा जो वास्तव में विरासत के रूप में घोषित किया गया हो। इससे हमारा कोई झगड़ा नहीं है। पीठ ने वन क्षेत्रों में बढ़ते अनधिकृत




निर्माण पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, छोटे बच्चे खराब फेफड़ों के साथ पैदा हो रहे हैं। जब कोई सर्जन आज किसी का शरीर खोलता है, तो उसे फेफड़े लाल नहीं मिलते, वे सभी काले होते हैं। ऐसा सभी डॉक्टर कह रहे हैं। वन क्षेत्र में यदि संरक्षित स्मारक और राष्ट्रीय स्मारक है तो इसे संरक्षित किया जाएगा। लेकिन वहां कोई नहीं रहेगा। वहां जाने के लिए कोई मोटर योग्य सड़कें नहीं होंगी, जो दर्शनीय स्थल बनाए जा रहे हैं वे वहां नहीं होंगे। एक अन्य व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मांग की गई थी कि प्राचीन स्मारकों, विशेष रूप से महरौली में आशिक अल्लाह दरगाह को विध्वंस से बचाया जाए। पीठ ने कुछ संरचना की तस्वीरों का हवाला दिया और कहा कि यह एक ताजा निर्माण है क्योंकि रंगीन टाइलें जो पिछले 10 वर्षों में भी शहर में उपलब्ध नहीं थीं निर्माण में उनका उपयोग किया गया है। पीठ ने कहा हम दिल्ली में सांस भी नहीं ले सकते। हमारे पास दिल्ली में पर्याप्त संरचनाएं हैं। यह एक समस्या बन सकती है. यह निर्माण का तरीका नहीं है। अगर एएसआई कहेगा कि कोई ढांचा पवित्र है तो अदालत उसे इसे संरक्षित करने का निर्देश देगी लेकिन कोई वहां नहीं रह सकता, अन्यथा पूरा जंगल नष्ट हो रहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि कुछ संरचनाएं ऐसी हैं जो प्राचीन स्मारकों जितनी पुरानी हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा संरक्षित किए जाने के लिए प्रमाणित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह दिखाने के लिए सबूत हैं कि संरचनाएं हर चीज से पुरानी हैं।
**सांस नहीं ले सकते तो विरासत का आनंद कैसे उठाएंगे:** अदालत ने कहा जंगलों को बहाल कर दिया जाए, बस इतना ही। आप नहीं समझते, वायु प्रदूषण के कारण शहर में लोग मर रहे हैं। यही हमारा एकमात्र रक्षक है, यह हमारा आखिरी गढ़ है. हम सांस नहीं ले पाएंगे, आप क्या देखोगे? अगर आप शहर में सांस नहीं ले सकते तो विरासत का आनंद कैसे उठाएंगे? हमें अपने हितों को संतुलित करना होगा। पीठ ने कहा शहर में पर्याप्त पीर, दरगाह और मंदिर हैं। हमारे पास पर्याप्त से अधिक है। डीडीए की ओर से पेश वकील ने कहा कि संजय वन में हरित क्षेत्र पर पूरी तरह से अतिक्रमण कर लिया गया है और प्राधिकरण ने चार मंदिरों सहित विभिन्न संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं के वकील से यह भी कहा कि वे उन लोगों से अनुरोध करें जो जंगल के अंदर रह रहे हैं या जिनके पास मंदिर और गुरुद्वारे हैं, वे परिसर से बाहर निकल जाएं, यह कहते हुए कि यह उनकी भलाई के लिए है।

## रंजिश में किया गया था दो युवकों का कत्ल, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के वेलकम में शादी के दौरान रंजिश में दो युवकों को गोली मारने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनीष शर्मा (21), करन सिंह (29) और साजन मनीष (32) के रूप में हुई है। हत्या के मामले में पुलिस को सोनू चावला की तलाश है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल पिस्टल व दो कारतूस बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने गुरुवार तीनों को अदालत में पेश किया, जहां से इनको एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि चार फरवरी को वेलकम झील पार्क में संजय की बेटी का विवाह था। वहां पर वेलकम निवासी सुमित (29) और रिश्तेदार बुराड़ी निवासी राहुल (38) पहुंचे थे। इस बीच वहां आरोपियों ने पहले सुमित की पिटाई की। बाद में अक्षत ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी। एक गोली सुमित की गर्दन को छूती हुई निकली, जबकि दूसरी गोली राहुल के सीने में जा लगी। इलाज के गई। अब पुलिस ने गोली चलाने के आरोप में तीनों को दबोच लिया हैं। चौथे आरोपी सोनू चावला की पुलिस को तलाश है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि करन और सुमित के बीच रंजिश थी।

## न्यूज फ्लैश

### अगवानपुर गांव के खेतों से तीन किसानों के कोठरे से तार चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव अगवानपुर के खेतों से कोठरे की छत को उखाड़कर डोरी, ग्रीप व स्टाटर चोरी कर लिया। चोरी की शिकायत किसान ने पुलिस को दी। गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में किसान सुरेन्द्र ने बताया कि 9 फरवरी की सुबह जब अपने खेत में गया तो देखा कि अज्ञात चोर खेत में बने कोठड़े की छत को उखाड़कर अन्दर घुसकर करीब 50 फुट की डोरी व ग्रीप,स्टाटर चोरी कर ले गए। इसके साथ ही मेरे पड़ोसी सुभाष व दिलबाग के खेत से बिजली की डोरी चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत किसान ने पुलिस को दी। पुलिस ने किसान की शिकायत पर मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### रौनक स्कूल में लायंस क्लब गन्नौर गौरव व लायंस क्लब गोल्ड का मोतियाबिन्द शिविर 15 फरवरी को

**गन्नौर।** लायंस क्लब गन्नौर गौरव व लायंस क्लब गन्नौर गोल्ड द्वारा निशुल्क मोतियाबिन्द शिविर 15 फरवरी को रौनक पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग में लगाया जाएगा। यह जानकारी परियोजना अध्यक्ष लायन हरीश वधवा ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में जांच के बाद आप्रेशन के योग्य मिले रोगियों का आप्रेशन डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई अस्पताल नई दिल्ली में किया जाएगा। वधवा ने बताया कि कमजोर नजर वाले व्यक्तियों को चश्मा मुफ्त दिया जाएगा। ऑप्रेशन टांका रहित व लैंस के साथ किया जाएगा। मोतियाबिंद ऑप्रेशन के मरीजो को कैम्प से ले जाना-लाना व ऑप्रेशन निशुल्क किया जाएगा। ऑप्रेशन के बाद दवाईया और काला चश्मा मुफ्त दिया जाएगा। दमा, तपेदिक, शुगर, बी.पी. आदि के रोगी अपने हित में जाँच के समय व ऑप्रेशन से पहले अपने रोग का विवरण डॉक्टर को साफ-साफ बता दें। लायन हरीश वधवा ने बताया कि शिविर में मुख्य सहयोगी मन्निद्र सिंह सन्नी, सतेन्द्र गुलाटी, लायंस क्लब गौरव व गोल्ड की अध्यक्ष चारू चांदना, नेहा हांडा, सचिव भावना जाग्या, रानी धनखड़, कोषाध्यक्ष प्रिया जिंदल, सीमा धनखड, मुख्य परियोजना रूचिका बत्रा, गुरेन्द्र धनखड़ होंगे।

### विवान जनसेवा अस्पताल में निशुल्क जांच शिविर 11 फरवरी को

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर मिनी सचिवालय के पास स्थित विवान जनसेवा अस्पताल में नए आयुर्वेदिक विभाग के शुभारम्भ के उपलक्ष्य में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन 11 फरवरी को सुबह 10 से 2 बजे तक किया जाएगा। जिसमें बवासीर, भगन्दर, फिशर बीमारी की जांच की जाएगी। शिविर में सभी दवाईयों व रक्त की जांच पर आधा खर्च अस्पताल की तरफ से वहन किया जाएगा। डा. आशीष चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन के खर्च में कुछ छूट भी दी जाएगी। आयुर्वेदिक उपचार से इस बीमारी से हमेशा राहत मिल सकती है।

### एसडीएम ने दो फैक्ट्रियों में अग्नि सुरक्षा की व्यवस्था को जांची, दोनो में मिली खामियां

**गन्नौर।** एसडीएम डा. निर्मल नागर ने शुक्रवार को एचएसआइआइडीसी बड़ी के संपदा अधिकारी व अग्निशमन विभाग के इंचार्ज के साथ बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा की व्यवस्थाओं की जांच की। एसडीएम ने शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र में दो फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों फैक्ट्रियों में काफी खामियां मिली। एसडीएम ने एचएसआइआइडीसी व अग्निशमन विभाग को दोनों फैक्ट्रियों के बिल्डिंग प्लान एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए, ताकि नियमों का उल्लंघन मिलने पर फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने फैक्ट्री संचालकों को जल्द ही अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने की सख्त हिदायत भी दी। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि फैक्ट्रियों का रास्ता काफी संकरा बनाया हुआ है।

# 'राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए करें प्रेरित'

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे अपनी-अपनी पार्टी से संबंधित बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति करके सूची जिला निर्वाचन कार्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय में राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों व ईआरओ की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि लोक सभा के आम चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा मतदाता सूची का 22 जनवरी 2024 को अंतिम प्रकाशन हो चुका है जिसकी कॉपी राजनैतिक पार्टियों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई हैं। ऐसे में सभी पार्टियों के प्रतिनिधि मतदाता सूची के अवलोकन करना सुनिश्चित करें अगर कोई आपत्ति है तो संबंधित ईआर को इसकी सूचना दें। इसके अलावा कोई पात्र व्यक्ति वोट बनवाने से वंचित रह गया है तो उसे वोट बनवाने के लिए जागरूक करें तथा अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है तो उसका नाम मतदाता सूची से हटवाने बारे सूचित करें। उन्होंने सभी ईआरओ को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जो शड्यूल तैयार किया गया है उसकी सूची राजनैतिक दलों को भेजना सुनिश्चित करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को ईवीएम से मतदान करने के लिए जागरूक किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि राजनैतिक दलों को पोलिंग बूथ की लोकेशन भी भिजवाई जाए। बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जोगिंद्र ने सुझाव दिया कि ईवीएम के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए इस पर उपायुक्त ने बताया कि जिला की पांचों विधासभा निर्वाचन क्षेत्रों में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा गांव-गांव में लोगों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## दोस्त के हत्यारे को पुलिस ने किया काबू 9 दिन बाद कब्र से निकाला था शव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के गांव मुंडोगढ़ी में सारिक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेगी। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ करेगी और हत्या के कारणों तक पहुंचेगी। वारदात में किसी तरह के हथियार का भी इस्तेमाल किया गया था या नहीं? इसको लेकर भी पुलिस हर एक पहलू को खंगालेगी। हालांकि अभी पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का भी खुलासा नहीं किया है। सारिक बीती 27 जनवरी की सुबह 11 बजे आरिफ पुत्र इरफान के साथ गया था। वह जल्दबाजी में उसकी बाइक पर बैठकर चला गया। साकिर ने बताया कि उसका बेटा शाम तक भी घर नहीं लौटा था, उन्होंने अंदाजा लगाया कि शायद किसी ट्रक वाले ने दिहाड़ी पर बुला लिया होगा। पिता साकिर ने बताया कि 28 जनवरी की सुबह करीब सात बजे उसके बेटे का शव मुंडोगढ़ी में यमुना किनारे मिला था।

सरपंच प्रतिनिधि सुलेमान ने सारिक की मौत की सूचना दी थी। जब सारिक की गर्दन चेक की गई थी तो वह टूटी हुई थी। जिस पर उस समय ध्यान नहीं दिया गया था और शाम को शव को दफना दिया गया था। शक की सूई आरिफ पर घुमी और पुलिस को शिकायत दी।

पुलिस ने पिता की शिकायत के आधार पर बीती 5 फरवरी को शव को कब्र से बाहर निकाला। 6 फरवरी को शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने फिर दाह कर्म करवाया।

## महिला ने गुस्से में आकर युवकों के खिलाफ शिकायत देने की बात कबूली

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**

**जिले के** भादसो गांव में एक महिला द्वारा लगाए गए रेप के प्रयास के आरोप निराधार पाए गए हैं। महिला ने खुद ही पुलिस को लिखकर दिया है कि उसने शिकायत में रेप के प्रयास वाली बात गुस्से में लिख दी थी। उसके साथ किसी ने कोई रेप का प्रयास नहीं किया। लिहाजा पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव भादसो निवासी महिला ने 7 फरवरी को इंद्री पुलिस को एक शिकायत देते हुए आरोप लगाया था कि वह शाम को 7 बजे वह गोबर डालने के लिए गई थी। इसी दौरान तीन-चार लडकों ने उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौच करते हुए रेप का प्रयास किया। इसके साथ ही जान से मारने की भी धमकी दी, जिसमें सतपाल, मोनू, सतबीर व अन्य के नाम सामने आए थे। इसके साथ उसी दिन दूसरे पक्ष की एक महिला ने भी एक शिकायत दी थी, जिसमें काला पुत्र बबली, बबली की पत्नी व अन्य पर लड़ाई झगड़े व गाली गलौच के आरोप लगे थे। दोनों ही मामलों को लेकर पुलिस को संदेह हुआ और पुलिस ने एक रपट दर्ज की, जिसके बाद पुलिस की जांच शुरू हुई। गुरुवार को पुलिस ने घटनास्थल का भी मुआयना किया और मौजिज लोगों से भी खुफिया तौर पर जांच की। इसके बाद महिला अपने परिवार के साथ थाने में आई और लिखकर दिया कि उसने शिकायत में सतपाल, मोनू, सतबीर पर मारपीट के आरोप लगा लगाए थे। उसने शिकायत में जो रेप के प्रयास की बात लिखी थी, वह बात गुस्से में लिखी गई थी। मेरे साथ किसी ने कोई रेप का प्रयास नहीं किया। इंद्री थाना प्रभारी ने मामले की तसदीक की। पुलिस के मुताबिक महिला ने जो गाली गलौच व झगड़ा करने के आरोप काला, कृष्ण व अन्य पर लगाए थे, उन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं पाई गई।

जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## फरवरी माह का एक लाख 87 हजार 591 लीटर सरसों तेल किया आवंटन

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने जिला के दो लाख 37 हजार 636 राशनधारकों के लिए फरवरी माह का एक लाख 87 हजार 591 लीटर सरसों तेल का आवांटन किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में अब 1.80 लाख रुपए वार्षिक आय वाले सभी बीपीएल राशन कार्डधारक परिवारों को भी हर महीने दो लीटर सरसों का तेल मिल रहा है। इससे जिला के अनेक बीपीएल परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इससे पहले 1.20 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों को सरसों का तेल मुहैया कराया जाता था। अब 1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी यह लाभ दिया जा रहा है।

## हरियाणा में दो लाख नौकरियों के पद खाली, कब भरेगी सरकार : दिव्यांशु बुद्धिराजा

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संदेश को कोने-कोने तक लेकर जाएगी यूथ कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। युवा** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने आज करनाल में रोजगार के मुद्दे को लेकर भाजपा पर तीखा प्रहार किया। पे यूथ कांग्रेस की रोजगार दो-न्याय दो, यात्रा लेकर करनाल पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरूआत से ही युवाओं के रोजगार के मुद्दे को उठाती आई है। युवाओं के हकों की लड़ाई भी कांग्रेस ने लड़ी है। विभागों में लाखों नौकरियां रिक्त होने के बावजूद भी सरकार युवाओं को नौकरियां तक नहीं दे पाई। बुद्धिराजा ने कहा कि यूथ कांग्रेस ने दो दिन पहले ही दिल्ली से रोजगार दो-न्याय दो अभियान की शुरूआत की है। यूथ कांग्रेस राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संदेश को हरियाणा के कोने-कोने तक लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर पीजीटी अध्यापकों की बात की जाए तो 7471 भर्तियां पेंडिंग पड़ी हुई है। इसी तरह से अस्सिटेंट प्रोफेसर के 62 प्रतिशत पद हरियाणा के कॉलेजों में खाली पड़े हुए है। अगर कांस्टेबल की भर्तियों और अलग-अलग विभागों के पदों की बात की जाए तो करीब दो लाख पद खाली पड़े हुए है। उन्होंने सीएम मनोहर लाल के ट्विट पर भी टिप्पणी की, जिसमें मनोहर लाल ने कहा था कि 31 दिसंबर 2023 से पहले सभी सरकारी भर्तियों को पूरा कर देंगे, लेकिन इन्हीं नौकरियों के लिए युवा वर्ग पंचकूला के अंदर धरने पर बैठे हुए हैं और वह धरना आज भी चल रहा है। जो रिजल्ट हरियाणा सरकार ने निकाला, उसके अंदर बहुत बड़ी धांधली देखने को मिली और दूसरी तरफ सरकार पारदर्शिता की बात करती है। साथ ही मनोहर सीएम ने यह भी बात कही थी कि वे जल्द ही 60 हजार नौकरियां निकालेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज उनके दावे और वायदे दोनों ही फेल हो चुके हैं। कॉलेजों में जाकर और कोचिंग सेंटरों में जाकर युवाओं के सामने सरकार की पोल खोलने का काम यूथ कांग्रेस द्वारा किया जाएगा।

## एचसीएस परीक्षा को लेकर उपायुक्त और एचपीएससी मैंबर ने ली अधिकारियों की बैठक

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्कवैड और सेंटर सुपरिटेंडेंट को दिए दिशा निर्देश, करनाल में 47 सेंटर पर 14,664 कैंडिडेट देंगे परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। उपायुक्त** अनीश यादव और हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य राजेन्द्र कुमार ने 11 फरवरी को करनाल में आयोजित होने वाली एचसीएस परीक्षा के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने परीक्षा के संबंध में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्कवॉयड और सेंटर सुपरिटेंडेंट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करवाना हम सबकी ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी है।

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा प्रदेश की प्रतिष्ठित परीक्षा में से एक है। इसे हरियाणा लोक सेवा आयोग आयोजित कर रहा है। इस परीक्षा के लिए करनाल में 47 सेंटर बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 बजे से 12 बजे और 3 बजे से 5 बजे की दो शिफ्ट में परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8.30 बजे से 9.50 बजे तक कैंडिडेट एंट्री कर सकते हैं, जबकि दूसरी शिफ्ट में 1.30 बजे से 2.50 बजे तक एंट्री होगी।



उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शी तरीके से आयोजित करवाना हम सभी का अह्म लक्ष्य है। सभी अधिकारियों को पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का वहन करना है, कोई लापरवाही न बरतें। परीक्षा कानोडल आफिसर जिला परिषद सीईओ गौरव कुमार को बनाया गया है। कमरों की साफ सफाई, पीने के पानी, टॉयलेट, सीसीटीवी आदि की पहले से जांच कर लें अधिकारी उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी परीक्षा से पहले अपने सेंटर का दौरा कर लें। वहां पर कमरों में अच्छे से बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, टॉयलेट की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, बायोमैट्रिक मशीन आदि की व्यवस्था का पहले से जायजा ले लें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लगे प्रत्येक कर्मचारी और अधिकारी को पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे। सभी परीक्षा निरीक्षक और अन्य अधिकारी समय से अपनी ड्यूटी पर रिपोर्ट करें। जिस कैंडिडेट का जिस कमरे में रोल नंबर हो उसी कमरे में उसे बैठने की अनुमति दी जाए। पेपर डिस्ट्रीब्यूशन और कलेक्शन के समय वीडियोग्राफी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सेंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरा को इस तरीके से लगाया जाए कि परीक्षा देने आ रहे प्रत्येक कैंडिडेट को देखा जा सके।

## गड्ढों ने ली युवक की जान, दोस्त गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले के** अंजनथली गांव के पास सडक के गड्ढों ने एक 24 साल के युवक की जान ले ली, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज करनाल के निजी अस्पताल में चल रहा है। युवक को पिता की मौत के बाद अभी करीब एक माह पहले ही पंजाब नेशनल बैंक में सरकारी जॉब मिली थी। इसलिए पक्का पुल पर माथा टेकने के लिए आया था। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक के परिजन सुनील ने बताया कि गांव अमीन निवासी 23 वर्षीय मुकेश गुरुवार को करनाल बैंक में ड्यूटी पर गया हुआ था। ड्यूटी खत्म करने के बाद मुकेश अपने दोस्त दीपक के साथ पक्के पुल पर माथा टेकने के लिए गया था। इसके बाद मुकेश अपने दोस्त को लेकर अपनी बहन के घर चला गया।

रात को मुकेश व उसके दोस्त दीपक ने उसकी बहन के घर ही खाना खाया और रात को वहीं पर रुकने को कहा, लेकिन इस दौरान मुकेश के दोस्त दीपक के घर से बार-बार फोन आने लगे कि अभी घर पर आओ। इसके बाद रात करीब साढ़े 10 बजे मुकेश व दीपक करनाल से अपने गांव जाने लगे। सुनील ने बताया कि मुकेश बाइक चला रहा था और दीपक पीछे बैठा हुआ था। जब वह गांव अंजनथली से अमीन गांव की सडक पर चढ़े तो सडक पर काफी गड्ढे थे, जिससे बाइक बेकाबू होकर सडक पर गिर गई। इस दौरान मुकेश का सिर सडक पर जा लगा और दीपक खेतों में जा गिरा।

रात को सडक से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों युवकों को इलाज के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवाया, जहां पर डॉक्टरों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि दीपक की हालत को नाजुक देखते हुए वहां से रेफर कर दिया।

## सीमा सुरक्षा बल की की दो टुकड़ियां गन्नौर में डाला डेरा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। किसानों** के दिल्ली कूच के चलते हलदाना बार्डर पर प्रशासन ने पैनी नजर बना रखी है। हालांकि हाइवे के दोनो ओर वाहनों का आना-जाना लगातार बना हुआ है और किसी तरह के बैरिकेड अभी नहीं रखे गए हैं। हालांकि सुरक्षा के दृष्टिगत सीमा सुरक्षा बल की 100 जवानों जवानों की दो टुकड़ियां गन्नौर में डेरा डाल चुकी हैं। जिन्हें बड़ी औद्योगिक क्षेत्र व राजलूगढ़ी आईटीआई में ठहरया गया है।

**लगातार नजर बनाए हुए हैं अधिकारी**

प्रशासन व पुलिस के अधिकारी लगातार हलदाना बार्डर पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। एसीपी गोरखपाल राणा व एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर हलदाना बार्डर की स्थिती का जायजा ले रहे हैं। शनिवार को दोनों अधिकारी हलदाना बार्डर का निरीक्षण करने पहुंचेगे और वहां की जाने की वाली व्यवस्थाओं से पहले उनका जायजा लेंगे।

- फिलहाल वाहनों के आने-जाने पर नहीं लगी रोक

जीटी रोड से समालखा की तरफ से गन्नौर की तरफ आने-जाने वाले वाहनों को फिलहाल पुलिस नहीं रोक रही है। उनसे पुलिस द्वारा किसी तरह की पूछताछ भी नहीं की जा रही है। वाहन बार्डर से आसानी से आ जा रहे हैं। लेकिन जरूरत पड़ने पर रूट का डायवर्जन भी किया जा सकता है, ताकि वाहन चालक जाम में न फस सके।

## बी आर ग्लोबल स्कूल में छात्रों के विदाई समारोह में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। खेड़ी** रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में कक्षा बारहवीं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों का तिलक लगा कर स्वागत किया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने कविताओं और भाषण के माध्यम अपनी यादों को सांझा किया। विद्यार्थियों ने गायन व नृत्य प्रतियोगिताओं में जमकर मस्ती की। विद्यार्थियों ने रैम्प वॉक तथा खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस समारोह का मुख्य आकर्षण मिस और मिस्टर फेयरवैल रहा। मिस्टर फेयरवैल अंशुल, मिस फेयरवैल मानसी, मिस्टर बी आर ग्लोबल स्कूल रजत और मिस बी आर ग्लोबल स्कूल का खिताब निशु को दिया गया। निदेशक राकेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्र और शिक्षक एक दूसरे के पूरक होते हैं। शिक्षक भले ही छात्रों को शिक्षित करते हैं लेकिन उन्हें अपने छात्रों से भी बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। जहाँ एक तरफ वो उन्हें किताबी शिक्षा के साथ-साथ, अनुशासन और संस्कार का पाठ पढ़ाकर उन्हें समय का पाबंद और एक जिम्मेदार व्यक्ति बनाते हैं। प्रधानाचार्या पूजा पहल ने कहा कि छात्र अपनी शिक्षा, संस्कार और समझदारी का परिचय देते हुए सफलता प्राप्त करते हैं और अपने शिक्षकों का मान बढ़ाते हैं। किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण उस की आधारभूत शिक्षा से होता है। हमारे सभी छात्रों का चरित्र व व्यक्तित्व बहुत ही प्रशंसनीय है। आगे भी ये छात्र ऐसे ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे। अन्य शिक्षकों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्नेह पूर्ण आशीर्वाद दिया।



## आरओबी निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही से आमजन की मुश्किले बढ़ी

### संबधित विभाग के अधिकारी ने चेताया कि जनहित में ठेकेदार लापरवाही न करे, उबड़-खाबड़ व खराब रास्ते व छिड़काव करने पर कीचड़ करने से परेशान वाहन चालक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अगवानपुर** रेलवे फाटक पर निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही के कारण आमजन की मुश्किल बढ़ रही हैं। हालांकि ठेकेदार द्वारा निर्माण तेजी से कर रहा है लेकिन इस दौरान वाहन चालकों के रास्ते को आवागमन के लिए समतल करने की बजाय पिल्लर बनाने के लिए खोदे गए गहरे गड्ढों से बचाव के लिए कोई भी सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग नही कर रहा है। रास्ता उबड़- खाबड़ होने व समतल न होने के कारण बड़े वाहनों के गड्ढे में गिरने का खतरा बना रहता है। हालात ये है कि रात को अंधेरे में कभी भी हादसा हो सकता है। उक्त रास्ते से गुजरना भी जोखिम भरा साबित हो रहा है। वाहनचालक सुरेश, सतबीर, महेन्द्र ने बताया कि शाम के समय अंधेरा होने पर दुपहिया वाहनों के भी गिरने का खतरा बना रहता हे। इतना ही नही ठेकेदार ने गड्ढे खोदने के साथ अगर लोग अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखकर पास की गली से निकले तो गली को बंद सरियों के पिल्लर डालकर आवागमन को बंद कर दिया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदार को तुरन्त नोटिस देकर जनहित में निर्माण के दौरान आवागमन का रास्ता बनवाया जाए।



**पांची रोड पर बरसात होने पर कीचड़ व सुखा होने पर धूल से परेशान दुकानदारः** पांची रोड़ के दुकानदारों ने बताया कि ठेकेदार की **लापरवाही के कारणः** आरओबी निर्माण के समय धूल उड़ने से कामकाज प्रभावित है। जब बरसात हो जाती है तो ठेकेदार द्वारा रास्ते का निर्माण न किए जाने से कीचड़ व सुखे में उड़ती धुल से परेशान है। खराब रास्ते के कारण काम आधा रह गया है। अब काम बंद है, आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। शहर से आने जाने का मुख्य मार्ग होने के कारण न तो अधिकारी इस तरफ ध्यान देते और न ही ठेकेदार। जिससे हादसे की आंशका के साथ स्वास्थय के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने बताया कि जब छिड़काव करते है तो इतना पानी डाल देते है कि कीचड़ ही कीचड़ हो जाता है। अगर पानी का छिड़काव करना है तो रात के समय करवाया जाए ताकि सुबह तक आवागमन का रास्ता बिना कीचड़ के अच्छा बन सके। लोगों की समस्या को लेकर जब निर्माण करने वाली एंजेसी के ठेकेदार से बात करनी चाही तो उनसे सर्म्पक नही हो सका। आरओबी का निर्माण करवा रहे एचएसआरडीसी विभाग के एसडीओ नरे

श कुमार ने बताया कि निर्माण के दौरान आवागमन के लिए अच्छा रास्ता बनाए रखना व सुरक्षा का भी ध्यान रखना ठेकेदार का काम है। इसमें ठेकेदार लापरवाही बरत रहा है तो वे तुरन्त ठेकेदार को बोलकर रास्ते को ठीक कराने के साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी प्रबंध करवाते है।

## शिक्षक संघ मांगों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से मिला

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र (दलबीर मलिक) राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ कुरूक्षेत्र आज जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में श्री विनोद कौशिक जी से मांग पत्र सौंपा ।मांग पत्र में निम्न मांगों पर अधिकारी का ध्यान दिलाया गया ।बोर्ड परीक्षाओं में जेबीटी शिक्षकों की ड्यूटी न लगाई जाए ।

क्योंकि इससे हमारी प्राथमिक कक्षाएं प्रभावित होगी ।

प्राथमिक स्कूलों में कंटीन्जेंसी ग्रांट को प्राथमिक स्कूलों में को देने के आदेश जारी किए जाएं ,एलटीसी का बजट जारी किया जाए ।स्वच्छता ग्रांट के पैसे दिए जाएं, शाहबाद व खंड बाबैन में राशन व कुकिंग कास्ट की राशि दी जाए, वर्तमान में आटे की स्थिति भेद खराब आई है इसे देखते हुए इसको ठीक किया जाए, मेडिकल बिलों का भुगतान किया जाए ,जेबीटी से संबंधित सभी मामलों को निपटारा किया जाए, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अपने स्कूलों के लिए और शिक्षा के लिए वचनबद्ध है इसलिए शिक्षक को शिक्षा को प्रभावित करने वाले मामलों को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक जी से मिले और अपनी बात रखी।



# कुशलता रूपी विरासत को हस्तांतरण करने की आवश्यकता

## केयू सीनेट हॉल में हरियाणा में रेजिडेंट ऑडिट योजनाओं के कामकाज को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**लोकल आडिट** हरियाणा के निदेशक एनके जैन ने कहा कि वर्तमान में अपनी कार्यरूपता एवं कुशलता रूपी विरासत को हस्तांतरण करने की आवश्यकता है। इसके लिए अहम की भावना को छोड़कर परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करना होगा तभी विभागों की कार्यशैली में प्रगाढ़ता आएगी व कार्य गति में भी वृद्धि होगी।




वह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में हरियाणा में रेजिडेंट ऑडिट योजनाओं के कामकाज को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यातिथि एनके जैन, संयुक्त निदेशक नीरज यादव, अनूप मलिक, सुखमीत सिंह, डॉ. चांदराम भुक्कल, उपनिदेशक राजपाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारम्भ किया। निदेशक एनके जैन ने कहा कि यदि आपको स्वयं को साबित करना है तो कार्य को भरपूर समय देना होगा तथा दूसरों को गाइड भी करना होगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी फाइल पर यदि कोई नियम लिखा हुआ है तो उसकी सत्यता की भी जांच किजिए तथा कार्य को सुव्यवस्थित एवं नियमों के अनुरूप ही करें। उन्होंने बैठक में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थानों एवं सरकारी विभागों में स्थित रेजिडेंट ऑडिट योजनाओं के कार्यप्रणाली की फीडबैक लेकर समीक्षा की तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव व आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निदेशक एनके जैन ने केयू को ए-प्लस-प्लस ग्रेड मिलने पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा को बधाई देते हुए इस आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोकल ऑडिट के संयुक्त निदेशक डॉ. चांदराम भुक्कल ने मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि लोकल ऑडिट हरियाणा के निदेशक एनके जैन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय, संस्थानों व अन्य सरकारी विभागों में संयुक्त निदेशक,

आरएसए व ऑडिटर पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, लगन व सहजता के साथ अपना कार्य बखूबी कर रहे हैं।इस अवसर पर संयुक्त निदेशक नीरज यादव, अनूप मलिक, सुखमीत सिंह, डॉ. चांदराम भुक्कल, उपनिदेशक प्रीतम सिंह, राजपाल सहित हरियाणा में रेजिडेंट ऑडिट योजनाओं में कार्यरत संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक एवं रेजिडेंट ऑफिसर्स मौजूद रहे।

# अवैध झुग्गी-झोपड़ियों को हटाया गया

**अतिक्रमण**

**8 औरतें व बच्चे बिलखते हुए नजर आए। हालांकि यह झुगी झोपड़ियां हुडडा सेक्टर में बनाई गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला शहर** के सेक्टर आठ में देर रात झुगी झोपड़ी में रहने वाले लोगों के आशियाने हटा दिए गए। जिसके चलते रातभर यह लोग ठंड में ठिठुरने को मजबूर रहे। औरतें व बच्चे बिलखते हुए नजर आए। हालांकि यह झुगी झोपड़ियां हुडडा सेक्टर में बनाई गई थी। बताया जा रहा है कि अवैध तौर पर इन लोगों ने यह कब्जा किया हुआ है। इसी के चलते यह कार्रवाई की गई है । सूत्रों के अनुसार रात को कुछ लोग यहां आए और झुगी में रहने वाले लोगों से तुरंत झुगियां हटाने के लिए कहने लगे।



इस दौरान वहां पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। लोगें का कहना है कि या तो हमें कोई स्थान दिया जाए या प्रशासन हमारे लिए इसी स्थान पर ही रहने की अनुमति दे। लोगों का कहना है कि वह यहा से नहीं हटेंगे। यदि हमारे साथ प्रशासन ने जबरदस्ती की तो हम सड़कों पर ही डेरा डाल लेंगे। उन्होंने कहा कि वह बेहद गरीब हैं। ऐसे में प्रशासन व सरकार को चाहिए कि वह उनके लिए आशियाना बनाए। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले अनेक लोगों ने बताया कि रोजाना मेहनत मजदूरी व भीख मांगकर वे अपने घर का गुजारा कर रहे हैं। लेकिन सरकार द्वारा आज तक उन्हें किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि रात्रि जब लोग झोपड़ियां तोड़ने आए तो वह समझ नहीं पाए कि वह लोग कौन हैं और उन्हें यहां से क्यों हटाया जा रहा है। झोपड़ियां हटाते हुए उनका काफी नुकसान हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### भगवान परशुराम कॉलेज में श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )भगवान** परशुराम कॉलेज में आज भारतीय सरकार के द्वारा आयोजित भारत अंतरिक्ष सप्ताह के अन्तर्गत सांस्कृतिक समिति द्वारा "श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव "का आयोजन किया गया ।सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ रमा शर्मा ने प्रिन्सिपल महोदय को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया । सीता माता की वेशभूषा में महाविद्यालय की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा जय भारती द्वारा वाटिका में वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर प्रिन्सिपल प्रोफेसर शीशपाल शर्मा ने बताया कि हम सभी को भगवान राम और सीता के गुणों को अपने चरित्र में उतार लेना चाहिए। वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए, हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए । इस अवसर डॉ सुरेश कुमार,डॉ हीरा शर्मा, डॉ सरिता रॉय, श्रीमति मालविका ,प्रवीण शर्मा, प्रो श्रीमति सुमन शर्मा , डॉ सुधीर , डॉ वेदपाल और अमन शर्मा उपस्थित रहे।

### गोल्ड पेंशन सेविंग्स किया लॉन्च

**करनाल/हिसार:** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक टैक्स एफीशिएंट पेंशन प्रॉडक्ट आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स लॉन्च किया है। इसमें ग्राहकों को व्यवस्थित योगदान करने और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सेवानिवृत्त जीवन जीने के लिए वांछित सेवानिवृत्ति कोष बनाने की सुविधा मिलती है। यह प्लान देश का पहला ऐसा प्रॉडक्ट भी है जो ग्राहकों को निवेश की गई पूंजी की सुरक्षा, कॉम्प्लीमेंट्री स्वास्थ्य जांच और आंशिक निकासी की सुविधा प्रदान करता है। ग्राहक तीन साल की अवधि के बाद किए गए योगदान का 25 प्रतिशत तक हिस्सा निकाल सकते हैं, जिससे वे लिक्विडिटी संबंधी अपनी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। इसके अलावा, वार्षिक बोनस, जब भी घोषित किया जाता है, कॉर्पस और परिणामस्वरूप एन्यूटि को और मजबूत करने की क्षमता रखता है। आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्सह्र प्रॉडक्ट ग्राहकों को परिपक्वता पर संचित बचत का 60 प्रतिशत तक हिस्सा निकालने और शेष राशि से गारंटीशुदा नियमित जीवन भर पेंशन प्राप्त करने का अधिकार देता है, जिससे स्वर्णिम वर्षों के दौरान वित्तीय स्वतंत्रता मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर श्री अमित पलटा ने कहा,देश में तेजी से बदलती पारिवारिक संरचना के साथ सेवानिवृत्ति योजना की अहमियत बहुत बढ़ गई है। आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स, एक टैक्स एफीशिएंट प्रॉडक्ट है जिसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहक वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के लिए आवश्यक सेवानिवृत्ति फंड तैयार करने के लिहाज से नियमित योगदान कर सकें। उन्होंने आगे कहा, हम जानते हैं कि सेवानिवृत्ति योजना एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है और ग्राहकों की वित्तीय परिस्थितियाँ बदल सकती हैं। 25 प्रतिशत तक की आंशिक निकासी की सुविधा से ग्राहक अपनी लिक्विडिटी संबंधी आवश्यकता को पूरा कर सकते हैं और इस दौरान भी उनकी सेवानिवृत्ति बचत योजना जारी रहती है।

यह देश का पहला ऐसा रिटायरमेंट सेविंग्स प्लान है जो आंशिक निकासी और निवेश की गई पूंजी की सुरक्षा दोनों प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ग्राहक अपने सेवानिवृत्ति योजना के लक्ष्य को हासिल कर सकें, हम उन्हें कॉम्प्लीमेंट्री स्वास्थ्य जांच सुविधा भी प्रदान करते हैं, जिसके बारे में हमारा मानना है कि इससे ग्राहकों को प्लानिंग के प्रोसेस में लाभ होगा। उल्लेखनीय बात यह भी है कि आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स प्रॉडक्ट ग्राहकों को गारंटीकृत लाभ और वार्षिक बोनस भी प्रदान करता है (अगर घोषित किया जाए), जिसमें परिपक्वता राशि बढ़ाने की क्षमता होती है। इसके अलावा, ग्राहक संचित राशि के 60 प्रतिशत तक हिस्से की कर-मुक्त निकासी कर सकते हैं। वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के लिए गारंटीशुदा जीवन भर आय प्राप्त करने के लिए परिपक्वता पर बचत करें और शेष राशि को वार्षिकी में परिवर्तित करें।

# मोदी के कारण देश में विकास और आत्मनिर्भरता की राजनीति हुई: बलदेव सिंह सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) गांव कैंथला** खुर्द के सरपंच एवं भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण विकास और आत्मनिर्भरता की राजनीति शुरू हुई है। सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने शुक्रवार को गांव कैंथला खुर्द में ग्राम पंचायत के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन के समय मे देश घोटाले के लिए जाना जाता था, लेकिन भाजपा के शासन में देश तेज गति की सफलता के नाम से जाना जा रहा है। किसी ने यह सोचा नही था कि रामलला अपने स्थान पर ही विराजमान



होंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठ होते देखने का सौभाग्य हम सबको मिलेगा।सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त अन्न उपलब्ध कराया गया, जिसके परिणाम स्वरूप 25 करोड़ लोग ग?ीबी की रेखा से ऊपर आ गए हैं। मोदी और मनोहर की गारंटी पर लोगों को विश्वास है। ग्रामीण आंचल में अंतिम पंक्ति में बैठे गरीब एवं असहाय जनता को मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को प्रचंड बहुमत से जितवाकर विधानसभा और लोकसभा में भेजने का काम करेगी। मोदी और मनोहर की गारंटी के समक्ष अन्य पार्टियों के उम्मीदवार टिक नहीं पाएंगे। इस अवसर पर सेवा, सिंह कुलदीप सिंह, गुरदेव सिंह, कुलदीप,शिगांरा सिंह,बाबू सिंह, गुरपाल सिंह,बरखा राम,राजेश,हुकम सिंह, रजनीश इत्यादि उपस्थित रहे।

# अम्बाला पुलिस की विशेष टुकडियों को दी जा रही ट्रेनिंग- एसपी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा वा के के निदेर्शानुसार जिला अम्बाला में किसी भी आपात स्थिति से निपटने, कानून व्यवस्था बनाए रखने एवम अपराधों की रोकथाम के लिए तुरन्त कार्यवाही करने हेतू एल्फा, बरेवो, चार्ली व डेल्टा नामक विशेष 04 कम्पनियों का गठन किया गया और प्रत्येक कम्पनी में 107-107 कुल 428 जवानों को नियुक्त किया गया है। गठित की गई कम्पनियों में नियुक्त किए गए सभी जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शाननुसार उप पुलिस अधीक्षक नारायणगढ की देख-रेख में सह उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार कोत इन्चार्ज अम्बाला ने आज 08 फरवरी 2024 पुलिस लाईन ग्राउंड अम्बाला शहर में जवानों को एन्टी रायेंट गन व रबड बुलेट के फायर करवाये व टीयर गैस टीम को विशेष परीक्षण देकर सार्ट रेंज व लोंग रैज सैल से अभ्यास कराया गया और दंगा रोधक उपारणों से ड्रील करवाई गई। आज के प्रशिक्षण में स्वेट टीम, कमांडो, वज्रा, वाटर कैनन, टीयर गैस टीम, एल्फा, बरेवो, चार्ली व डेल्टा नामक विशेष 04 कम्पनियों के कर्मचारियों व महिला पुलिस की 03 टुकडियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# नयाबांस सांपला रोहतक में शौर्य स्मृति दिवस समारोह 14 को

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार/**

बसंत पंचमी के अवसर पर 14 फरवरी को हिन्दी साहित्य आंदोलन के दौरान 1957 में शहीद हुए वीर सुमेर सिंह आर्य रोहिल्ला की स्मृति में समस्त रोहिल्ला व टांक राजपूत समाज की तरफ से शौर्य स्मृति दिवस समारोह स्वरूप नयाबांस सांपला रोहतक में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य आंदोलन में भाग लेने वाले परिवार जनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण के साथ, वीर गाथा, देशभक्ती गीत, वरिष्ठ जन सम्बोधन, सम्मान व सामूहिक लंगर प्रसाद उपरांत समाप्त होगा।

यह जानकारी देते हुए नामदेव सभा प्रदेश अध्यक्ष सतबीर सिंह वर्मा (पूर्व चेयरमैन) ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा तथा अध्यक्षता पूर्व मंत्री मुनीष ग्रोवर करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि लोक सभा सांसद अरविंद शर्मा व भाजपा उपाध्यक्ष समाजवादी सतीश नादंल, सर्वदेसीक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश, पर्यावरण प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवाल, मेयर मनमोहन गोयल, कोषाध्यक्ष अजय बसंल, आचार्य विजयपाल आदि विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे।

# लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**टीम एक्शन इंडिया**

**जनवरी** माह में स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा दिल्ली के युवा शक्ति मॉडल स्कूल में 27 जनवरी से 31 जनवरी के तक फ्लोर बॉल महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में देशभर से 14 राज्यों के लगभग 125 दिव्यांग महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल, सोनीपत की ख्वाहिश ने प्रतियोगिता में हरियाणा टीम में गोलकीपर के रूप में राज्य का प्रतिनिधित्व किया । ख्वाहिश के महत्वपूर्ण योगदान से हरियाणा टीम ने




राष्ट्रीय स्तरीय फ्लोर बॉल महिला प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। स्पेशल ओलंपिक भारत हरियाणा द्वारा अजीत स्टेडियम गुरुग्राम में 19 जनवरी को राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल सोनीपत के विनीत सरोहा व समीर ने भाग लिया । जिसमें विनीत सरोहा ने 66 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। साथ ही साथ दौलताबाद स्टेडियम, गुरुग्राम में 24 जनवरी को पावरलिफ्टिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# बाइक चोरी के आरोपी से पुलिस टीम ने की पूछताछ

**समालखा 9 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा** चौकी पुलिस की टीम सोनीपत जेल में बद बाइक चोरी के आरोपी को वीरवार को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान नरेश उर्फ मोनू निवासी कालुपुर चुंगी सोनीपत के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने सोनीपत निवासी अपने एक साथी आरोपी के साथ मिलकर बीते वर्ष अगस्त महीने में समालखा माता पुली रोड से एक एचएफ डिलक्स बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना समालखा में कुलदीप वार्ड 15 समालखा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। समालखा चौकी इंचार्ज एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी नरेश उर्फ मोनू को गत दिनों सोनीपत पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था।

# मिलन कार्यक्रम के तहत दूसरे स्कूलों का भ्रमण करने से होती है छात्रों के ज्ञान में वृद्धि: ज्ञान सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया /को कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**मिलन** कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च विद्यालय कल्याणा के नोवी व दसवीं कक्षा के 20 छात्रों ने खानेवाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद व दीपक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बोरीपुर का भ्रमण किया । मुख्य अध्यापक ज्ञानचंद सैनी जी ने छात्रों को विधिवत रूप से भ्रमण करने के लिए छात्रों को विदा किया। उन्होंने कहा कि मिलन कार्यक्रम के तहत दूसरे स्कूलों का भ्रमण करने से छात्रों के ज्ञान में वृद्धि होती है। स्कूल के अध्यापक सरदार हर



इकबाल सिंह जी व श्री प्रवेश कुमार जी छात्रों के साथ गए । स्कूल के प्रधानाचार्य श्री गुरमीत सिंह जी ने छात्रों व अध्यापकों का स्वागत किया। श्री पवन सैनी प्राध्यापक जी ने साइंस लैब ,कंप्यूटर लैब का भ्रमण करवाया । छात्रों ने कंप्यूटर लैब व साइंस लैब में रुचि दिखाई । प्राध्यापकों से जिज्ञासा अनुसार प्रश्न किये। इस कार्यक्रम के तहत प्राध्यापक नीरज बेदी जी ने छात्रों को बैडमिंटन ग्राउंड भी दिखाया। खालसा स्कूल के छात्रों व कल्याणा स्कूल के बच्चों ने बैडमिंटन का गेम भी खेला। प्रधानाचार्य जी ने छात्रों को इस मिलन कार्यक्रम के के फायदे के बारे में बताया ।जब छात्र किसी अन्य प्रवेश में जाते हैं तो वहां पर सीखने के लिए बहुत कुछ होता है। दोनों स्कूल के छात्रों ने रेस में भी भाग लिया। छात्रों का खालसा स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। इसी कार्यक्रम के तहत दीपक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बोरीपुर का कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने दौरा किया। छात्रों के साथ गुरविंदर कौर व श्री संदीप

# शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने सीएम को पत्र लिख कर शहर के विकास को लेकर रखी मांगे

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**हरियाणा** सरकार का बजट विधानसभा में शीघ्र ही प्रस्तुत होगा, इसी के मद्देनजर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों से विचार-विमर्श कर नगर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जनहित में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिख कर अपनी मांगों को रखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि उपरोक्त मांगों पर गंभीरता से विचार कर बजट में इनका प्रावधान किया जाए। पत्र में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा है कि हिसार में प्रदेश का पहला आईआईटी केंद्र खोला जाए। डाबड़ा चौक के पास रेलवे

**सुविधा**

**8 बहुउद्देश्यीय इंडोर स्टेडियम बनाया जाए। आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया सिविल अस्पताल बनाया जाए**

अंडर ब्रिज बनाया जाए। निरंकारी भवन के पास ओवर ब्रिज बनाया जाए। आईसीसी सेंटर स्थापित किया जाए। महाराजा अग्रसेन फेस 2 का कार्य शीघ्र पूरा करवाया जाए। बहुउद्देश्यीय इंडोर स्टेडियम बनाया जाए। आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया सिविल अस्पताल बनाया जाए।

# विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें: बीईओ प्रमोद राणा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**सेवा ट्रस्ट** यूके (भारत) के तत्वाधान में बराड़ा के राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा एवं प्रधानाचार्य राजबीर सिंह की अध्यक्षता में विद्यार्थियों की परीक्षा, शिक्षा एवं नशा मुक्ति परामर्श कार्यक्रम पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके के बराड़ा खंड के समन्वयक गुरदेव सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर बीईओ प्रमोद राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा की अच्छी तैयारी करनी चाहिए तथा




परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर परीक्षा देनी चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके के राज्य समन्वयक पवन पाराशर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय और सद्भाव के महत्व को समझने में

**लक्ष्य**

**8 बीईओ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा की अच्छी तैयारी करनी चाहिए**

मदद करती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान देते हैं। बीईओ प्रमोद राणा ने योगा में राज्य स्तर पर पहुंची भूमिका सैनी को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया और सेवा ट्रस्ट के इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए ट्रस्ट और पाराशर का आभार जताया और कहा कि ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को विभिन्न विषय दिए जाते हैं। उन्हें पूरी जानकारी मिलती है जो उनके भावी जीवन में काम आती है।

इस अवसर पर, सेवा ट्रस्ट यूके ने अपने सह-प्रायोजक डाबर इंडिया के सौजन्य से गणतंत्र दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों को विभिन्न ऊर्जा-वर्धक जूस पैक उपहार में दिए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संजीव धीमान, सतीश कुमार व स्कूल व्याख्याता अंजू बाला, कपिल जैन, पीटीआई रणजीत सिंह, अनुराधा, राम प्रशाद कौशिक, विकास शर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पेडा के एनर्जी कंजर्वेशन वीक के तहत अमृतसर में वर्कशॉप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**, पंजाब ऐनर्जी डिवपलमेंट ऐजेंसी पेडा द्वारा शुरू किये एनर्जी कंजर्वेशन वीक के अंतिम दिन अमृतसर में अमृतसर ग्रुप्स ऑफ कॉलेजेस में कैपेस्टी बिल्डिंग ट्रेनिंग वर्कशाप का आयोजन किया गया । सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन की कड़ी में प्रदेश के विभिन्न जिलों में यह वर्कशाप आयोजित कर संबंधित कार्यक्षेत्र और स्टूडेंट्स को उर्जा सरक्षणा के प्रति जागरुक किया जा रहा था। पेडा, भारत सरकार की ईकाई ब्यूरो आफ ऐनर्जी ऐफिश्येंसी (बीईई) और मोनार्क डिजाईंस स्टूडियो द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित इस वर्कशाप में उर्जा संरक्षण के लिये ईजाद की गई नित नई



तकनीकों को विस्तारपूवर्क बताया गया। प्रतिनिधियों के भम्रों को भी दूर किया गया। मोनार्क डिजाईन के अमित शर्मा, इंजीनियर सुदीप टोकी, सुदीप टोकी, नगेंदर नारायण, श्री ढींगरा ने स्मार्ट एप्लाइंसेस, स्टार रेटेड उत्पादों, स्मार्ट हैबिट्स आदि की उपयोगिताओं पर बल दिया जिससे की उर्जा की बचत कर देश को प्रगति की राह पर लाया जा सके। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधकों ने भी छात्रों से आह्वान किया कि वे उर्जा संरक्षण पर अपना योगदान दे।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में बह रही भागवत कथा की रसधारा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के नरेला में समस्त महिला मंडल की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। शुक्रवार को तीसरे दिन की कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय कथा वाचक श्री कृष्ण स्वामी महामंडलेश्वर ने जड़भरत संवाद, नरसिंह अवतार, समुद्र मंथन आदि कथा प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। तीसरे दिन की कथा में कथा व्यास श्री कृष्ण स्वामी महामंडलेश्वर ने व्यासपीठ से भगवान नरसिंह अवतार का प्रसंग विस्तार से सुनते हुए बताया कि पूर्व में दैत्यराज पुत्र महाबली हिरण्यकश्यप ने ब्रह्मा जी के वर से गर्व युक्त होकर संपूर्ण त्रिलोकी को अपने वश में कर लिया । भक्त प्रहलाद एक दिन अपने गुरु के साथ पिता के पास गए। पिता ने चरणों में झुके हुए अपने पुत्र प्रहलाद को गोद में उठाया। प्रह्लाद ने अपने पिता से हरि का नाम लेने को कहा तो दैत्य राज ने उसे गोद से उठाकर दूर फेंक दिया। उसे मारने के अनेक प्रयास किए। एक दिन भक्त प्रहलाद अपने सहपाठियों के साथ हरि का नाम ले रहा था उसकी आवाज दैत्यराज के कानों में पहुंची तब दैत्यराज ने आकर कहा कि तेरा हरि कहां है तो प्रह्लाद ने कहा कि मेरा हरि तो कण-कण में विद्यमान है। दैत्य राज ने कहा कि इस पत्थर नुमा खंबे में हरी कहां है। तभी भगवान प्रहलाद की लाज रखने के लिए उसे खंबे में से निकलकर भगवान ने नरसिंह अवतार लिया और दैत्य राज का वध कर दिया। समुद्र मंथन की कथा में उन्होंने बताया कि समुद्र मंथन की कथा मन के मंथन की कथा है। जैसे समुद्र मंथन से पहले पहल जहर निकला वैसे ही मन के मंथन अर्थात भक्ति के मार्ग में जीव को पहले उपहास, निंदा रूपी जहर की प्राप्ति होती है। संसार की चिंता किए बगैर की गई भक्ति ही जीव को अमृत प्रदान करती है। कथा उपरांत आरती व प्रसाद वितरण किया गया। कथा में सुनीता गुप्ता, सुनीता मंगला, संतोष, मनीषा, नेहा गोयल, पुष्प लता शर्मा, मोहित गुप्ता, महावीर गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# वजीरपुर: रक्तदान करके आप किसी की जान को बचा सकते हैं: अब्दुल सत्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्तदान** का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उक्त बातें वजीरपुर क्षेत्र के कांग्रेस नेता व समाजसेवी अब्दुल सत्तार ने कही। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उस समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ अपनी फिटनेस पर दिख सकता है। ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है। ब्लड डोनेशन से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते, जो आपके दिल और दिमाग को अलग ही खुशी देता है। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।



एक्शन इंडिया सोनीपत के ब्यूरो चीफ संजीव कौशिक व बिमला कौशिक को शादी की 24वीं सालगिरह की एक्शन इंडिया समूह की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# पीएम मोदी ने किया देश में विकास, देश के लोग भाजपा से खुश: सागर यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** नेता सागर यादव ने बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल भारतीय जनता पार्टी और पीएम मोदी को जाता है। उन्होंने आगे बताया कि देश में फिर भाजपा की सरकार बनेगी क्योंकि देश के लोग भारतीय जनता पार्टी से काफी ज्यादा प्रभावित है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग तरक्की कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज शहर ही नहीं गांवों में भी विकास ही विकास देखने को मिल रहा है और ग्रामीण भी पीएम मोदी के कार्यों को सराहा रहे है। उन्होंने आगे बताया कि हम जहां पर भी जा रहे है, वहां की जनता भाजपा के कार्यों से प्रभावित है और फिर से देश में भाजपा की सरकार चाहती है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए।

**यादव ने कहा**

8 हम जहां पर भी जा रहे है, वहां की जनता भाजपा के कार्यो से काफी ज्यादा प्रभावित है : सागर

# राजा गार्डन: शिवाजी कॉलेज में थैलेसीमिया जांच शिविर एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शिवाजी कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और डीबीटी स्टार कॉलेज स्कीम द्वारा स्टेट ब्लड सेल, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज और भोर लिविंग ह्युमन फाउंडेशन के सहयोग से थैलेसीमिया जाँच शिविर एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शिवाजी कॉलेज के जैव रसायन विज्ञान और प्राणी विज्ञान विभाग के द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेन्द्र भारद्वाज ने आमंत्रित चिकित्सकों के समूह का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को इस तरह के शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. तेजबीर सिंह राणा, डॉ. रेनु बवेजा एवं डॉ. सुनीता जेटली जी ने प्रतिभागियों को इस अभियान के बारे में जागरूक किया। लोकनायक जयप्रकाश हॉस्पिटल में वैज्ञानिक डॉ. सुनील पोलीपल्ली तथा डॉ. रंजना मिश्रा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को थैलेसीमिया संबंधित समस्याओं से परिचित कराया। उन्होंने अपनी व्याख्यान में कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर रक्त समस्या है, जो खून में हीमोग्लोबिन की सही मात्रा का निर्माण करने वाली रक्त कोशिकाओं के निर्माण में कमी के कारण होती है। यह एक अनुवांशिक (जेनेटिक) रोग होता है। यह देश के लिए एक बड़ी समस्या है। थैलेसीमिया से प्रभावित लोगों को जीवन पर्यंत आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ता है।

इस समस्या से बचाव के लिए भावी पीढ़ी को ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चिकित्सकों के समूह द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को थैलेसीमिया से संबंधित तमाम पक्षों से अवगत कराया गया साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

# जहांगीरपुरी: आम आदमी पार्टी ने जो कहा, वह करके दिखाया: विनित महेश गौतम




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विनित महेश गौतम ने बताया कि आम आदमी पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। आज आम आदमी पार्टी के कार्यों से सभी वर्ग के लोग खुश है और आम आदमी पार्टी के कार्यों की सराहना कर रहे है।

**जनता कर रही है आप के कार्यों की सराहना:** दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है और आम आदमी पार्टी के कार्यों व उनके द्वारा लागू की गई योजनाओं की सराहना कर रही है।

**सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर करें कार्य:** श्री गौतम ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें और आम आदमी पार्टी की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाये, जो बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें बूथ को मजबूत करना है और आप की नीतियों से सभी को अवगत कराना है।

**शिक्षा, परिवहन व स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुआ काफी सुधार:** श्री गौतम ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की स्वास्थ्य, शिक्षा व परिवहन व्यवस्था में काफी सुधार किया है। दिल्ली में मौहल्ला क्लिनिक घर के समीप खुल जाने से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के पास ही मिल जा रही है। जिससे लोग काफी ज्यादा खुश है।

**आप पार्टी ने दिल्ली में लागू की कई योजनाएं:** अपने वादों पर खरा उतरते हुए आम आदमी पार्टी ने सभी वादे पूरे किये है और दिल्ली में कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है, जिससे लोग काफी ज्यादा प्रभवित है।

# रामगढ़िया गुरुद्वारा कमेटी द्वारा निकाला गया नगर कीर्तन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के त्रीनगर इलाके में राम गढ़िया गुरुद्वारा कमेटी द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। यह नगर कीर्तन त्रीनगर के इलाके में निकाला गया। इस मौके पर सरदार सतपाल सिंह, भाजपा नेता संजय शर्मा सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान गुरुद्वारे में अरदास की गई। श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर गुरु का आशीर्वाद लिया और नगर कीर्तन के दौरान गतका पार्टी के कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए।

इस अवसर पर भाजपा नेता संजय शर्मा ने कार्यक्रम में शिकरत की और माथा टेक कर गुरु का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने विचार रखें।

# जहांगीरपुरी में निगम पार्षद कार्यालय पर स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन, कई लोगों ने करवाई जांच





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी जे ब्लॉक स्थित निगम पार्षद कार्यालय पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के अलावा रमेश शर्मा, वार्ड अध्यक्ष लख्मी पाल, प्रदीप गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि यह निगम पार्षद कार्यालय पर 48वां आयुर्वेद चिकित्सा जाँच शिविर लगाया गया है। जिसमें लोगों की मुफ्त जांच के बाद लोगों को मुफ्त आयुर्वेदिक दवाईयां प्रदान की गई। इस अवसर पर आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन सभी को करना चाहिए, ऐसे शिविरों से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाती है, हमारा भी लक्ष्य है कि लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिलें।

# गांव चलो अभियान से भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बूथों पर रखी जीत की नींव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने बूथों पर लोकसभा चुनाव जीतने की नींव रखी। शुक्रवार को कार्यकर्ता 24 घंटों के प्रवास के लिए प्रदेश के 19 हजार 813 पर बूथों पर पहुंचे और प्रदेश भर में एक ही दिन में लाखों लोगों से सीधा संवाद किया गया। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कुरूक्षेत्र के ज्योतिसर मंडल के बूथ नंबर 30 पर 24 घंटे बिताए, तो संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा कलानौर विधानसभा के सुनारिया मंडल के गांव खैरावड बूथ नंबर 156 पर रहे। ऐसे ही मंत्री, सांसद व विधायक, भाजपा के तीनों प्रदेश महामंत्री सहित 19813 नेता और कार्यकर्ता प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में एक एक बूथों पर पहुंचे और लोगों को मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का भाग्य उदय हो रहा है, तीसरी बार नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना क्यों जरूरी है इसको लेकर भी लोगों से बातचीत की गई।



भाजपा हर बूथ को मजबूत बनाकर लोकसभा की सभी 10 सीटें जीतना का लक्ष्य बना चुकी है। भाजपा का टारगेट प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करना है। इसी उद्देश्य को लेकर आज भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने गांवों व वार्डों में घर-घर जाकर, प्रबुद्ध लोगों से बैठकें कर बातचीत की। इस दौरान यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी योजनाओं से गरीबों के सपने सच हो रहे हैं। आज जन-जन के मन से एक ही आवाज निकलती है कि प्रधानमंत्री मोदी जी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है।
गांव चलो अभियान के तहत आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी थानेसर विधानसभा, खाना मुंडाहेड़ा के बूथ नंबर 30 पर पहुंचे। इसी तरह केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव गुरुग्राम के सेक्टर-9, कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर जगाधरी विधानसभा के बूथ नंबर 175, राज्यमंत्री कमलेश ढांढा ने जिला कैथल के बूथ नंबर 103, प्रदेश संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा कलानौर विधानसभा के सुनारिया मंडल के गांव खैरावड बूथ नंबर 156 बूथ पर पहुंचे और कार्यकताओं तथा लोगों के साथ मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।
थानेसर विधानसभा में बूथ नंबर 30 पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने दीवार लेखन भी किया और संदेश दिया कि एक बार फिर से मोदी सरकार एतिहासिक जीत के साथ बनने वाली है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने आकाश संस्था के साथ परीक्षाओं के विषय में की बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने आकाश संस्था की टीम के साथ आगामी परीक्षाओं के विषय में बातचीत की। विधार्थियों ने अपनी सभी शंकाओं व परीक्षा की तैयारी में आने वाली चुनौतियों को उनके समक्ष रखा और उनका निवारण करने हेतु विचार विमर्श किया, जिसमें उन्होंने छात्रों को पाठ्यक्रम क्रियाकलाप, गतिविधियां और प्रश्नपत्र संबंधित जानकारी दी। आपसी बातचीत में छात्रों के मन के डर को दूर भगाते हुए उनके सभी विषयों को ध्यान में रखकर उचित रूप से समझाया। उन्होंने बताया कि कोई भी विषय आसान या कठिन नहीं होता हमें केवल अपनी स्मरण शक्ति से उसे समझना और ध्यान में रखना होता है। एक विद्यार्थी के



लिए आवश्यक है कि अपने चयनित विषयों का गहन अध्ययन करें ताकि पाठ्यक्रम में आने वाली चुनौतियां उसे भयभीत न कर सके। इस विषय में बातचीत करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष रमेश रेवड़ी, उपाध्यक्ष जगदीश अरोड़ा , विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर सपना गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन बाद बोर्ड की परीक्षा शुरू होने ही वाली है इसलिए इस प्रकार की आपसी चर्चा के माध्यम से चिंतित विद्यार्थी अपनी शंकाओं से निजात पाकर बिना किसी झिझक के परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं ।उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे बिना किसी भय के अपनी परीक्षा देकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

# छुप्पी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारना सांसद खेल महोत्सव का मुख्य ध्येय: कृष्णपाल गुर्जर

**खेल महाकुंभ**

8 फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को हुआ तीन दिवसीय सांसद खेल महाकुंभ का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
भारत सरकार के केंद्रीय उर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि विश्व के लोकप्रिय नेता एवं भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों, ढाणियो, छोटे कस्बों और अन्य कालोनियों में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारना खेल महाकुंभ का मुख्य ध्येय है। श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव में देश के खिलाडि?ों की सबसे बड़ी भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर शुक्रवार को स्थानीय सेक्टर-12 के खेल परिसर में तीन दिवसीय सांसद खेल महाकुंभ के आगाज पर उपस्थित खिलाडि?ों और खेल प्रेमियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दृढ़ निश्चय सफलता का मूल मंत्र है। खिलाडि?ों अपने निर्धारित दृढ निश्चय के अनुसार ही लक्ष्य पूरा करके देश, प्रदेश, जिला व परिवार का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने उपस्थित खिलाडि?ों से आह्वान करते हुए कहा कि वे खेलों के प्रति हौंसला और नियमित अभ्यास करेंगे तो निश्चित तौर पर राष्ट्रीय



और अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में परचम लहराएंगे। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सांसद खेल महोत्सव-2024 के शुभारंभ की घोषणा करते हुए फरीदाबाद की धरती पर सांसद होने के नाते खिलाडि?ों का फरीदाबाद वासियों की तरफ से तहे दिल से स्वागत किया। शुभारंभ समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, जिला परिषद के प्रेसीडेंट विजय सिंह और भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने शिरकत की। सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश खिलाडि?ों की खान है। देश में जितने भी ओलंपिक, एशियन, वर्ल्ड कप के खेल हुए हैं उनमें हरियाणा के खिलाडि?ों ने विश्व में अलग पहचान बनाई है।
हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि खेलों में भारत देश के वन थर्ड मेडल हरियाणा के खिलाड़ी लेकर आते हैं। इसका श्रेय हरियाणा सरकार की बेहतरीन खेल नीति को जाता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बनाई गई हरियाणा खेल नीति की बदौलत से ही विभिन्न खेलों में हरियाणा के खिलाडी, गोल्ड, ब्रांच और सिल्वर मेडल लेकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने सांसद खेल महोत्सव में भागीदारी करने वाले खिलाडि?ों, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन व खेल विभाग के अधिकारियो सहित कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं। खेलने की आदत होने पर हर युवा नशा और नशे की प्रवृत्ति से कोसों दूर रहते हैं। फरीदाबाद औद्योगिक नगरी में खेलों को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है।

# श्रद्धालुओं ने शिव पालकी के समक्ष नतमस्तक होकर मांगी मन्नतें

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव प्रभातफेरी की ओर से निकाली जा रही पालकी ने आज शुक्रवार को सेक्टर-13 एक्सटेंशन व सेक्टर-14 पार्ट-2 का भ्रमण किया। श्रद्धालुओं ने शिव की पालकी के समक्ष नममस्तक होकर मन्नतें मांगी।
श्रद्धालु शिव की मस्ती में झूमते हुए भाव विभोर हो गए।
शिव की पालकी सेक्टर-13 एक्सटेंशन में शिव भक्त विजय के निवास स्थान से प्रारंभ हुई। उन्होंने परिवार सहित शिव की पालकी के समक्ष माथा टेक आशीर्वाद लिया।

# योग से होता है बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास: रजनी

**योग का महत्व**

8 राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर में हरियाणा योग आयोग द्वारा बच्चों को बताया योग का महत्व

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला नबीपुर में हरियाणा योग आयोग द्वारा 1 फरवरी से 20 फरवरी के बीच हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग की ओर से योगा टीचर रजनी ने सभी बच्चों एवं अभिभावकों को सूर्य नमस्कार एवं योग का अभ्यास



करवाया।
विद्यालय प्रभारी दलीप सिंह ने बच्चों को जीवन में योग के तहत्व के बारे में विस्तार से बताया। योग सहायक रजनी ने सभी बच्चों को बताया कि योग से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। इसके साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। योग से बच्चों का शरीर स्वस्थ रहेगा। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसलिए हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग से बीमारियां कोसों दूर रहती हैं। हमें सुबह उठकर प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए।
उन्होंने बताया कि योग अभ्यास तनाव के स्तर को कम करता है और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक बीमारियों के विकास के जोखिम को कम करता है। योग से प्रत्येक दिन की शुरूआत करके, हम अपने जीवन के सभी पहलुओं में अच्छी तरह से जी सकते हैं और मानसिक तनाव को कम कर सकते हैं।

# छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा आरएलएस इंटरनेशनल स्कूल में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।
महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। छात्राओं को गुड टच और बैड टच



बारे भी सावधान किया। छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नही कर रहा है।
राजेश लता ने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालो को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है।
राजेश लता ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया। टीम द्वारा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया।

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याणा में धूमधाम से मनाई गई बारहवीं के विद्यार्थियों की फेयरवेल



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा( कुलदीप सिंह )**
भविष्य में कुछ बेहतर करने की दृढ़ इच्छा और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना लिए *अपोलो इंटरनेशनल स्कूल* में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा फेयरवेल का आयोजन किया गया।
इस मौके पर कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया, वही कक्षा 12वीं की छात्रा *सानिया और खुशी ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया ।फेयरवेल के मौके पर छात्रा कीर्ति और माइली* के द्वारा ह्रदय स्पर्शी कविता का उच्चारण किया गया वहीं विद्यालय के हेड बॉय प्रांजल ने अपने भाषण के माध्यम द्वारा अपने स्कूल के पहले दिन से आज तक के सभी अनुभवों को साझा किया तथा सभी शिक्षकों का धन्यवाद दिया । इस मौके पर छात्र प्रतीक को

**फेयरवेल**

8 इस मौके पर कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया,

मिस्टर फेयरवेल और छात्रा सानिया को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया ।कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व के आधार पर अलग-अलग बैजेस देकर भी प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी और जीवन में अनुशासित और संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अल्का टंडन,एडमिन विकास अरोड़ा एवं ममता नारंग आदि मौजूद रहे।

# 505 ग्राम गांजा सहित महिला आरोपी को अपराध शाखा बदरपुर ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धरा-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने नशा तस्करी के मुकदमें महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी लतेश मूल रुप से रेवाडी रेलवे स्टेशन के नज्दीक शास्त्री कॉलोनी की तथा वर्तमान में राजीव कॉलोनी सेक्टर-56 में रहती है। आरोपी महिला को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से राजीव कॉलोनी में गांजा बेचते हुए काबू किया है। आरोपी महिला से तलाशी के दौरान 505 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। आरोपी महिला पुडिया बनाकर गांजा बेचती है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला गांजा को मथुरा में रेलवे कॉलोनी में किसी व्यक्ति से 6000/-रु में खरीद कर लाई थी जिसमें से कुछ किसी व्यक्ति को 300रु में बेच दिया था। आरोपी महिला परचूने की छोटी सी दुकान करती है। पूछताछ के बाद महिला को अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

# विभिन्न प्रदेशों के स्वयं सहायता समूह स्वावलंबन की बने मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में शिल्पकार अपनी कृतियों से पर्यटकों को लुभा रहे हैं। मेला क्षेत्र में विभिन्न प्रदेशों के स्वयं सहायता समूह भी स्वावलंबन की सफलता की कहानी कह रहे हैं। कुछ ऐसे ही स्वयं सहायता समूह राजस्थान से शिल्प मेला में पहुंचे हैं, जो अपने उत्कृष्टद्द उत्पादों की ओर पर्यटकों का ध्यान खींच रहे हैं। शिल्प मेला परिसर में स्टॉल नंबर-355 पर राजस्थान के शिव शंकर स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्तम किस्म के धनुष व बाण प्रदर्शित किए गए हैं। स्टॉल संचालक जितेंद्र ने बताया कि उनके समूह में 10 सदस्य हैं तथा उन्होंने लगभग 4 बार सरकारी




योजनाओं के माध्यम से ऋण प्राप्त कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता रतन लाल भी इस व्यवसाय से जुडे थे, लेकिन उनके बड़े भाई दिवंगत बिद्दल ने धनुष-बाण को खेल के क्षेत्र से जोडकर अद्वितीय कार्य किया है। समूह द्वारा धनुष के पांच डिजाइन तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी कीमत 1050 से शुरू होकर 2550 रुपए तक है। खेल के क्षेत्र से जुडे खिलाडि?ों के अलावा शौकीन लोग भी धनुष-बाण को बड़े शौक से खरीद रहे हैं।
राजस्थान के बीकानेर निवासी राजकवर ने महिलाओं को दिखाई समृद्धि की राह
मेला परिसर के स्टॉल संख्या-358 में राजस्थान के स्वयं सहायता समूह के नमकीन व अचार से संबंधित उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। राजस्थान के बीकानेर निवासी राजकवर ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए स्वयं सहायता समूह बनाकर इस समूह में महिलाओं को जोड़ा। उनके गांव में ऐसे 10 समूह कार्य कर रहे हैं तथा उनके समूह में 25 महिलाएं शामिल हैं। उनका समूह राजीविका राजस्थान ग्रामीण विकास परिषद बीकानेर से जुड़ा है। उन्होंने 2013 से श्री आनंदराज स्वयं सहायता समूह बनाकर कार्य शुरू किया।

# खट्टर सरकार ने हर घर रोजगार की बजाय हर घर में बेरोजगार दिया : ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने बेरोजगारी के मुद्दे पर लाल बत्ती चौक पर खट्टर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनके साथ जयविंदर मेचू, लक्ष्य गर्ग, बीबो इंदौरा, डीएल हंसू, सतबीर सिंह, एडवोकेट सुशील बिश्नोई, हरपाल सिंह, विनोद भोरवाला, मंगल, भोला सिंह, रंजीत और विनोद बंसल मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने कहा कि खट्टर सरकार कहती थी हर घर रोजगार देंगे, लेकिन इन्होंने हर घर में बेरोजगार दे दिया। इसलिए आम आदमी पार्टी हर तरीके से हरियाणा के युवाओं की आवाज उठाएगी।




आम आदमी पार्टी ने इसी मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया और प्रेस वार्ता के माध्यम से ही सरकार को चेताने की कोशिश की। आज सड़कों पर विजिबिलिटी कैंपेन कर रहे हैं, जनता को बता रहे हैं कि ये सरकार युवाओं को रोजगार देने में कैसे विफल रही है। जरूरत पड़ी हैं मंत्रियों, विधायकों का घेराव करेंगे और सड़कों पर उतरेंगे।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर ने जनवरी 2023 में 50,000 नौकरियां देने का वादा किया था। हरियाणा के युवा उनसे वही हिसाब मांग रहे हैं। उन्होंने कहा प्रदेश युवा मुख्यमंत्री से पूछना चाहता है कि हरियाणा में बार बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? जो दो लाख सरकारी नौकरियां पड़ी हैं उनको क्यों नहीं भरते? ग्रुप सी और डी की जो 50,000 नौकरी देने की बात कही थी वो कहां है? ग्रुप सी का मामला अभी भी कोर्ट में फंसा है, सरकार अर्ली हायरिंग क्यों नहीं करवाती? मुख्यमंत्री खट्टर को इन सभी सवालों का जवाब देना पड़ेगा। नहीं तो हरियाणा का युवा ये ठान चुका है कि खट्टर हो या मोदी इस बार वोटिंग रोजगार पर होगी। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर को रोजगार के सवालों का जवाब देन से डर लगता है।
उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार कहती थी हर घर रोजगार देंगे, लेकिन इन्होंने हर घर में बेरोजगार दे दिया। इसलिए आम आदमी पार्टी हर तरीके से हरियाणा के युवाओं की आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि छह महीने से ग्रुप सी के 56,57 कैटेगरी का मामला कोर्ट में अटका हुआ है। सरकार चाहे तो अर्ली हायरिंग करा कर ज्वाइनिंग करा सकती है। आज एएलएम की जॉइनिंग के लिए बच्चे बुलाए हैं। कह रहे हैं पहले जॉइनिंग कराएंगे फिर वेरिफिकेशन करेंगे। ऐसा इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। बाद में ये मामला भी कोर्ट में चला जाएगा। यदि ज्वाइनिंग के लिए बुलाया है तो इंतजाम करके तो बुलाओ, अब वहां पर जो बच्चे ज्वाइनिंग के लिए गए हैं उनको पुलिस के डंडे मरवा रहे हैं।

# सूरजकुंड मेला में वायरलैस कम्युनिकेशन के जरिए प्रदान की जा रही है विशेष सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
37वें सूरजकुंड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेले को पुलिस विभाग के 75 अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा आपसी तालमेल बनाकर कम्युनिकेशन के माध्यम से विशेष सुरक्षा प्रदान की जा रही है। मेले की मुख्य चौपाल के पीछे की ओर पुलिस का बेस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से पूरे मेले की कम्युनिकेशन को कंट्रोल किया जा रहा है। पुलिस विभाग के डीएसपी बृजमोहन को इस कम्युनिकेशन के लिए ओवरऑल सुपरवाइजिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है,



जोकि पूरे मेले की कम्युनिकेशन का कार्यभार देख रहे हैं। वहीं एसआई तेजपाल सिंह को डीआरओ और एसआई सतीश कुमार को सूरजकुंड मेला के कम्युनिकेशन इंचार्ज लगाया गया है।
पुलिस विभाग के कम्युनिकेशन इंचार्ज एसआई सतीश कुमार ने बताया कि 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले को कम्युनिकेशन के लिए चार अलग-अलग फ्रिक्वेंसी पर कंट्रोल किया जा रहा है। वहीं आंतरिक मेला तथा बाहरी मेला के लिए अलग-अलग फ्रिक्वेंसी निर्धारित की गई हैं। इसके अलावा आईपीएस और एचपीएस अधिकारियों के साथ भी कम्युनिकेशन विभाग के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मेले को 09 जोन में बांटा गया है और सभी पार्किंग स्थलों पर भी कम्युनिकेशन के लिए अलग-अलग अधिकारी लगाए गए हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 10 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# '140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक'

## भारतीय सेना के अदम्य साहस के गौरवशाली क्षण को देख अभिभूत हुए सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। देशवासी इसके शौर्य व पराक्रम को न केवल जानते हैं, बल्कि अटूट विश्वास भी करते हैं। भारतीय सेना का स्वर्णिम इतिहास रहा है। हमारे सैनिकों ने युद्ध काल व शांतिकाल में देश की रक्षा व सेवा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में कहीं। सीएम ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा।



बच्चों ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। भारतीय सेना के अदम्य साहस के गौरवशाली क्षण को देख सीएम भी अभिभूत हो गए। सीएम ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी।

**वीरभूमि है उत्तर प्रदेश:** सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश वीरभूमि है। यह महान क्रांतिकारी मंगल पांडेय, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, शहीद चंद्रशेखर आजाद, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, वीर हमीद की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर लड़ाई में जवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अनेक वीरों ने शौर्य व पराक्रम के माध्यम से देश की सुरक्षा करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अनुशासन, देशभक्ति और युद्ध कौशल गोरखा रेजीमेंट की पहचान है। गोरखा की शौर्यगाथा का उल्लेख सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विश्व की अनेक सेनाओं ने किया है। गोरखा अपनी बहादुरी का परिचय शब्दों से नहीं, बल्कि सीमा पर तैनाती के दौरान अपनी वीरतापूर्ण कार्रवाई से देते हैं। सीएम ने कहा कि वीर व पराक्रमी जवानों की 11वीं गोरखा रेजीमेंट लखनऊ में है। अपनी स्थापना के बाद कई युद्ध लड़े हैं।

### सैनिकों व वीर नारियों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध

**सीएम ने** कहा कि प्रदेश सरकार सेवारत, सेवानिवृत्त सैनिकों व वीर नारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सीमाओं पर सुरक्षा में प्राणों की आहूति देने वाले सैनिकों के परिजनों को प्रदेश सरकार 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि व सरकारी नौकरी की व्यवस्था भी की है। राज्य सरकार गोरखपुर में प्रदेश के पांचवें सैनिक स्कूल के निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का अभियान प्रारंभ किया है। पहली जनवरी को वृंदावन मथुरा में रक्षा मंत्री ने समविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया गया है। सीएम ने कहा कि आज युवाओं के लिए सेना में शामिल होने के लिए कार्यक्रम आगे बढ़ रहे हैं। 21वीं सदी के चुनौतियों के अनुरूप वीर सपूतों के शिक्षण व प्रशिक्षण के लिए प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इसका एक परिसर लखनऊ में प्रारंभ हो चुका है।

# सुप्रीम कोर्ट उम्रकैद की सजा अवधि पर सुनवाई करने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने उम्र**कैद की सजा का मतलब जीवन भर या उससे कम के सवाल पर सुनवाई करने का फैसला किया है। जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। यह याचिका सीरियल किलर चंद्रकांत झा ने दायर की है। चंद्रकांत झा 2003 से लेकर 2007 तक छह हत्याओं का दोषी है। चंद्रकांत झा पर आरोप था कि वो तिहाड़ जेल के बाहर सिरकटी लाशें फेंककर पुलिस को पकड़ने की चुनौती देता था। इस मामले में चंद्रकांत झा को ट्रायल कोर्ट से उम्रकैद की सजा मिली है। उम्रकैद की सजा पर मुहर लगाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट



ने कहा था कि चंद्रकांत झा को वास्तविक मौत होने तक हिरासत में रखा जाए। चंद्रकांत झा की ओर से पेश वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मौत की सजा या उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। विधायिका ने धारा 302 के प्रावधान में कोई संशोधन नहीं किया है या कहा है कि उम्रकैद का मतलब वास्तविक मौत तक कैद।

# पुलिस को जांच करने से रोका जाता है: जस्टिस गांगुली



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस अभिजीत गांगुली ने एक मामले में सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें पुलिस पर काफी भरोसा है। कोई अलग शिकायत नहीं है लेकिन पुलिस को काम नहीं करने दिया जाता। उन्होंने हेयर स्ट्रीट थाने के ओसी को आधे घंटे के अंदर कोर्ट में पेश होने को कहा। पुलिस की ओर से बताया गया कि देरी हुई क्योंकि उन्हें देर से उपस्थिति के बारे में पता चला। जज ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के कारण उन्हें पेशी से छूट दी गई है। आरोप था कि पीएफ भ्रष्टाचार मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। इसके बाद जस्टिस गांगुली ने हेयर स्ट्रीट थाने के ओसी को आधे घंटे के अंदर कोर्ट में पेश होने को कहा। उनके निर्देश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी। इसके बाद हेयर स्ट्रीट थाने के ओसी सुमित दासगुप्ता कोर्ट में पेश हुए। इसके अलावा, कोलकाता पुलिस के कानून विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त भी सुनवाई में शामिल हुए।

# 'मुख्यमंत्री के खिलाफ अधिकारियों का 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' कब तक?'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

बड़वानी जिले में तहसीलदार के द्वारा आदिवासी किसान को थप्पड़ मारे जाने के मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से सवाल पूछा है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश में अधिकारी जनता से लगातार अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, परंतु मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही किसी करवाई का कोई असर नहीं होता दिख रहा है। ताजा मामले में रास्ते के विवाद और जमीन की जांच के लिए मौके पर पहुंचे तहसीलदार यदि सरकारी प्रक्रिया का वीडियो बनता देखकर भड़क गए तो मुख्यमंत्री को यह बताना ही चाहिए कि लगातार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना क्यों हो रही है? मुख्यमंत्री के खिलाफ अधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा, यह "सविनय अवज्ञा आंदोलन" आखिर कब रुकेगा? जीतू पटवारी ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि मुख्यमंत्री स्तर पर कार्रवाई के बावजूद मध्य प्रदेश की जनता से मध्य प्रदेश शासन के अधिकारियों के द्वारा की जा रही अभद्रता की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। हर बार पहले की तुलना में और अधिक आपत्तिजनक रूप में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी सरकार को चेताया था कि मध्यप्रदेश में नौकरशाही की एक समानांतर सत्ता दमदारी से काम कर रही है, कार्रवाइयों/ चेतावनियों के बाद भी घटनाएं रुक नहीं रही हैं। यह शक्ति केंद्र विधायकों, मंत्रियों, मुख्यमंत्री से भी बहुत अलग और ऊपर है। इतना ज्यादा ऊपर कि उसे नियंत्रित करना सरकार के बस के बाहर है। पटवारी ने कहा कि शाजापुर में ड्राइवर से औकात पूछने वाले कलेक्टर, देवास में किसानों से अभद्रता करने वाली तहसीलदार, बांधवगढ़ में युवकों को लाठी से मारने वाले एसडीएम से लेकर भाजपा के कार्यकर्ता और नेता तक सभी जनता से लगातार अभद्रता कर रहे हैं परंतु मुख्यमंत्री के स्तर पर कार्रवाई के बावजूद घटनाएं रुक नहीं रही हैं बल्कि पहले की तुलना में अधिक आपत्तिजनक रूप में सामने आ रही हैं! उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया की यदि हालात जल्दी ही नहीं सुधरे, तो "सरकार" और "सर्कस" के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाएगा।

**मांगा जवाब**

8 समानांतर सत्ता दमदारी से काम कर रही है, कार्रवाइयों/ चेतावनियों के बाद भी घटनाएं रुक नहीं रही हैं

